राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 266
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 20 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 गौशाला, नंद बाबा दुग्ध मिशन एवं बर्ड फ्लू टास्क फोर्स की समीक्षा
पेज 4 डेढ़ सौ साल पुराने कानून होंगे खत्म, बार एसोसिएशन ने दिए
पेज 6 सूर्यकुमार की कप्तानी में एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से लापता युवती अर्चना 12 दिन बाद मिली

**ग्वालियर।** इंदौर से कटनी के बीच नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच से लापता छात्रा अर्चना तिवारी (29) 12 दिन बाद यूपी में मिली है। भोपाल जीआरपी एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि अर्चना तिवारी को नेपाल बॉर्डर के पास यूपी के लखीमपुर खीरी से बरामद कर लिया है। उसे लेकर टीम रवाना हो गई है। 12 दिन से उसे मिड घाट के जंगल समेत अन्य जगहों पर तलाश कर रहे थे। मंगलवार को उसे बरामद करने में सफलता मिली है। इससे पहले अर्चना ने परिजन से संपर्क किया था। पुलिस को पता लगा कि मंगलवार सुबह छात्रा ने अपनी मां को कॉल किया।

### पानी नहीं देने पर इंजीनियर ने की पत्नी की हत्या

**सिंगरौली।** सिंगरौली में एलएंडटी कंपनी के इंजीनियर ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद कंबल में शव लपेटकर कार से प्रयागराज ले गया। सबूत मिटाने में मां ने भी उसका साथ दिया। वहां दोनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना 15 अगस्त की है। पुलिस ने आरोपी पति निखिल दुबे और उसकी मां दुरेदश्वरी देवी को प्रयागराज के शास्त्री नगर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान निखिल ने बताया कि पानी मांगने पर पत्नी आभ्या से कहासुनी हुई थी। गुस्से में पत्नी के सिर को किचन के प्लेटफॉर्म पर पटक कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी इंजीनियर की मां ने शव को ठिकाने लगाने और सबूत मिटाने में उसकी मदद की।

# मुंबई में भारी बारिश से तबाही

## ज्यादा भीड़ से मोनोरेल ट्रैक पर फंसी, विंडो तोड़कर 500 यात्री निकाले





▶ 14 ट्रेन कैंसिल, 250 फ्लाइट्स लेट, महाराष्ट्र में दो दिन में 14 मौतें

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई जिलों में दो दिन से लगातार तेज बारिश हो रही है। मुंबई के कई इलाकों में मंगलवार को बाढ़ जैसे हालात रहे। जगह-जगह पानी भर गया। रेल, बस, हवाई सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं।

मोनोरेल सर्विस पर भी असर पड़ा। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरेल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई। अंदर मौजूद करीब 500 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से निकाला गया। एमएमआरडीए ने बताया कि भीड़ बढ़ने की वजह से ऐसा हुआ।

इसके अलावा सेंट्रल रेलवे ने 14 ट्रेनें (7 जोड़ी) कैंसिल कर दीं। 250 से ज्यादा फ्लाइट देरी से उड़ीं। लोकल ट्रेन सर्विस भी प्रभावित है। महाराष्ट्र में बीते दो दिन में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई।

इनमें 8 नांदेड़ से थे। अगले 48 घंटे मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में रेड अलर्ट है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा- एनडीआरएफ और एसडीआरएफ समेत डिजास्टर मैनेजमेंट से जुड़ी सभी एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। जान-माल और फसलों के नुकसान के लिए तत्काल मदद के आदेश हैं। नागरिकों को हर तीन घंटे में मौसम का अपडेट दिया जा रहा है।

### 1 यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया

अधिकारियों ने बताया 442 यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। इनमें से एक को अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसके अलावा लगभग 200 यात्रियों को वडाला स्टेशन वापस लाया गया है।

### डिप्टी सीएम शिंदे बोले- तय करेंगे ऐसा दोबारा न हो



डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि हार्बर लाइन बंद होने से लोग मोनोरेल में यात्रा करने लगे। इससे ट्रेन में भीड़ हो गई और बिजली गुल हो गई। बिजली गुल होने के कारण इमरजेंसी ब्रेक लगाए गए।यात्री जल्द ही सुरक्षित अपने घर पहुँच जाएंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि यह घटना दोबारा न हो।

## रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट

**नई दिल्ली।** इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। 79 साल के रेड्डी गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और गोवा के पहले लोकायुक्त रह चुके हैं। वे आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। 2007 में सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रिटायर्ड जस्टिस रेड्डी आंध्रप्रदेश से, जबकि सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं। राधाकृष्णन 20 जबकि रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। उपराष्ट्रपति का चुनाव जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई की रात अचानक इस्तीफा देने की वजह से हो रहा है। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

# किन्नर-कैलाश यात्रा स्थगित, एक श्रद्धालु की हुई मौत



### कुल्लू में बादल फटा, 3 दुकानें बहीं; लैंडस्लाइड की चपेट में आए 3 सरकारी आवास

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला में बीती रात से जारी बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है। किन्नौर में किन्नर कैलाश यात्रा पर गए एक श्रद्धालु की पत्थर लगने से मौत हो गई। वहीं किन्नर कैलाश यात्रा को 11 दिन पहले ही स्थगित कर दिया गया है।

मृतक श्रद्धालु की पहचान गौरव गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के तौर पर हुई है। वहीं कुल्लू की लग वैली में रात 1 बजे बादल फटने से 3 दुकानें बह गईं। इसका पानी जब कुल्लू बाजार पहुंचा तो सरवरी नदी ने तबाही मचाई।

भूतनाथ के पास सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। शिमला के कोटखाई के खल्टूनाला के साथ चमेरा-वेलठ जीरो पॉइंट पर आज दिन में पूरा पहाड़ सड़क पर आ गया। इससे उबादेश क्षेत्र का कोटखाई से संपर्क कट गया है। शिमला के रामचंद्रा चौक के पास भी तीन सरकारी आवास लैंडस्लाइड की चपेट में आ गए। इसके बाद प्रशासन ने रात में 35 से 40 लोगों को सुरक्षित दूसरी जगह पहुंचाया। छोटा शिमला के रिजेंसी होटल के पास देवदार का बड़ा पेड़ घर की छत पर गिर गया।

### भट्टाकुफर मंडी में फिर लैंडस्लाइड

शिमला की भट्टाकुफर मंडी पर आज फिर से पहाड़ी से लैंडस्लाइड हुआ। यहां पर सात-आठ सालों से निरंतर मलबा गिर रहा है। आज दोबारा यहां पर स्लाइड हुआ। इससे यहां काम करने वाले आढ़ती और मजदूर डरे व सहमे हुए हैं।

### विरोध प्रदर्शन





समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज, टीएमसी सांसद सायोनी घोष और भारतीय ब्लॉक पार्टियों के अन्य सांसद, संसद के मानसून सत्र के दौरान, नई दिल्ली में बिहार में मतदाता सूचियों के चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## केरल हाईकोर्ट में बदबू की वजह से कार्यवाही स्थगित

**तिरुवनंतपुरम।** कोच्चि में मंगलवार सुबह केरल हाईकोर्ट में कार्यवाही बदबू की वजह से रोकनी पड़ी। ये बदबू अदालत की फॉल्स सीलिंग में घुसे सिवेट (जंगली जानवर) के पेशाब करने से आ रही थी। अदालत सूत्रों के मुताबिक, बदबू इतनी तेज थी कि मुख्य न्यायाधीश नितिन जमदार और जस्टिस बसंत बालाजी की डिवीजन बेंच ने सभी मामलों को स्थगित कर दिया। अदालत की कार्यवाही सिर्फ 20 मिनट चली और फिर कमरे को बंद कर दिया गया।

# दिल्ली के इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में आग, 4 कर्मियों की मौत

## इनमें 3 युवतियां, एक घायल; चार मंजिला बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर लंच कर रहे थे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजा गार्डन इलाके में सोमवार दोपहर चार मंजिला एक इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम की दूसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई।





इस हादसे में शोरूम के 4 कर्मचारियों की मौत हो गई, जिसमें 3 युवतियां हैं। एक अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस के मुताबिक, दोपहर 3 बजे महाजन इलेक्ट्रॉनिक्स में आग लगने की सूचना मिली। मोती नगर थाना प्रभारी, दमकल विभाग और अन्य कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। दमकल की 5 गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गईं।

आग और घने धुएं के कारण तीसरी मंजिल पर स्थित दफ्तर में मौजूद लोग बाहर नहीं निकल सके। एक कर्मचारी ने बताया कि घटना के समय ये पांचों कर्मचारी लंच के लिए तीसरी मंजिल पर गए थे। उस समय शोरूम में करीब 30 कर्मचारी और ग्राहक मौजूद थे। दुकान के एक कर्मचारी सुमित ने न्यूज एजेंसी को बताया कि लंच का समय था। हम बातें कर रहे थे, हंस रहे थे। अचानक, हमें चटकने की आवाज सुनाई दी और फिर लाइट चली गई। शॉर्ट सर्किट हुआ था। कमरे में धुआं भरने लगा। आग सबसे पहले चार मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर लगी।



## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी और पति का कार एक्सीडेंट हो गया और वो दोनों मर गए
पति भूत बना और पत्नी चुड़ैल, कुछ समय बाद दोनों मिले
पत्नी- कितने अलग रहे हो तुम भूत बनके
पति- लेकिन पगली तू तो बिलकुल भी नहीं बदली....



## शायरी

जुर्म का अँधेरा मिटेगा, इंसाफ की रौशनी फैलेगी,
हर दिल में सुकून होगा, जब सच्चाई की जीत होगी।

# ‘वोटर अधिकार यात्रा’ : वोट गया तो समझो राशन-जमीन गई

## विरोध करने वाले भाजपा नेताओं को राहुल गांधी ने दिया फ्लाइंग किस

**गयाजी।** राहुल गांधी की तीसरे दिन की वोटर अधिकार यात्रा शेखपुरा के बरबीघा में खत्म हुई। यहां श्री कृष्ण सिंह चौक पर राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा वोट चोरी नहीं होने देंगे। वोट हम सब का अधिकार है। हिंदुस्तान में गरीबों के पास आज सिर्फ वोट बचा हुआ है।

अगर ये चला गया तो सब चला गया जाएगा। महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश के चुनाव में बीजेपी ने वोट चोरी की है। चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है।



तेजस्वी यादव ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 20 साल हम लोगों ने बहुत सहा है। अब नहीं। शिक्षा-स्वास्थ्य सब चौपट है। अब इन लोगों को हटाने का वक्त का गया है। श्री कृष्ण सिंह चौक से राहुल गांधी दिल्ली और तेजस्वी यादव पटना के लिए रवाना हो गए।

### नवादा में राहुल की गाड़ी के नीचे आया जवान

इससे पहले बिहार के नवादा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी गाड़ी के नीचे आ गया। अन्य सुरक्षाकर्मियों ने खींचकर पुलिसकर्मी को बाहर निकाला। राहुल गांधी ने भी उनका हालचाल पूछा।

यहां लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, चुनाव आयोग और बीजेपी के बीच पार्टनरशिप है। ये मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयुक्त मिलकर आपसे वोट छीन रहे हैं।

तेजस्वी ने कहा, आप लोग आने वाले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनाइए और राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री।

# सट्टेबाजी वाले ऑनलाइन गेम्स पर प्रतिबंध की तैयारी; आज संसद में पेश होगा बिल

नई दिल्ली। ऑनलाइन गेमिंग की वजह से किसी बच्चे ने आत्महत्या कर ली तो कई लोग कर्ज में डूब गए और उनकी जिंदगी तबाह हो गई। ऐसी खबरें आए दिन पढ़ने को और सुनने को मिलती है।

इसे देखते हुए ही सरकार अब बेटिंग या बाजी या जुआ लगाने वाले सभी ऑनलाइन गेमिंग पर रोक लगाने जा रही है।


यहां तक कि जिस किसी ऑनलाइन गेम में पैसा जुड़ा है चाहे वह गेम स्किल का हो या फिर चांस का, उन सभी को प्रतिबंधित किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्रालय की तरफ से ऑनलाइन गेमिंग बिल लाया जा रहा है जिसे बुधवार को लोक सभा में पेश किया जा सकता है।

मंगलवार को कैबिनेट कमेटी ऑनलाइन गेमिंग बिल को अपनी मंजूरी दे दी। ऑनलाइन गेमिंग में बेटिंग को अपराध की श्रेणी में रखा जाएगा और इसके तहत सात साल की कैद और 10 लाख तक के जुर्माने का प्रविधान किया जा रहा है।

### 1400 से अधिक एप प्रतिबंधित

बिल पर अमल हुआ तो सिर्फ वैसे ही ऑनलाइन गेमिंग एप बचेंगे, जिन्हें खेलने के लिए कोई शुल्क या पैसा नहीं देना पड़ता है। सरकार कई सालों से बेटिंग एप पर रोक लगाने का प्रयास कर रही है और पिछले चार-पांच सालों में 1400 से अधिक एप को प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन इस दिशा में कोई कानून नहीं होने से ऑनलाइन गेमिंग एप के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही थी।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,644.39
+370.64 (0.46%)
निफ्टी:
24,980.65
+103.70

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 5 : 53
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 02

# एनसीईआरटी ने ऑपरेशन सिंदूर पर स्पेशल मॉड्यूल जारी किया





**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) ने दो स्पेशल मॉड्यूल जारी किया है। यह क्लास 3 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर उनके सिलेबस में शामिल किया गया है। मॉड्यूल में बताया गया है कि पाकिस्तान भले ही पहलगाम आतंकी हमले में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार करता है, लेकिन यह हमला पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक लीडरशिप के सीधे आदेश पर हुआ था।

ये मॉड्यूल स्कूली बच्चों के बीच भारत की सैन्य शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से बनाए गए हैं। क्लास 3 से 8 के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की गाथा और 9 से 12 तक के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर-सम्मान और बहादुरी का मिशन है।

### हत्या-आत्महत्या

सीबीआईजांच, एम्स से पोस्टमॉर्टम की मांग; 2 जिलों में नेट बंद, दंगा रोकू वाहन, आरएएफ तैनात

# मनीषा के संस्कार से इनकार, आज से पक्का मोर्चा

**भिवानी।** हरियाणा के भिवानी में ग्रामीणों ने मंगलवार (19 अगस्त) को लेडी टीचर मनीषा का अंतिम संस्कार नहीं होने दिया। ग्रामीणों को जैसे ही मनीषा के पिता संजय पर दबाव डालने का पता चला तो उन्होंने गांव में पंचायत की। जिसमें उन्होंने गांव में मनीषा का संस्कार न होने देने का ऐलान कर दिया। इसके बाद पूरे गांव के रास्ते ईंट-पत्थर और पेड़ गिराकर बंद कर दिए। माहौल देखते हुए सरकार ने मंगलवार सुबह 11 बजे से लेकर 21 अगस्त सुबह 11 बजे तक भिवानी और चरखीदादरी में इंटरनेट बंद कर दिया है।



वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की सुसाइड की थ्योरी को झूठा करार देते हुए आगे के संघर्ष के लिए गांव कमेटी बना दी है। जिसने प्रशासन को मांग पत्र सौंपकर मनीषा का एम्स में तीसरी बार पोस्टमॉर्टम कराने और केस की जांच भी सीबीआई को देने की मांग की है। अगर इस पर सहमति बनी तो प्रशासन की कोशिश रहेगी कि धरना खत्म कर मनीषा का अंतिम संस्कार करा दिया जाए।

इससे पहले भिवानी सरकारी अस्पताल और रोहतक पीजीआई में मनीषा का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। वहीं पुलिस कहीं गुपचुप तरीके से मनीषा की डेडबॉडी सरकारी अस्पताल से लाकर अंतिम संस्कार न कर दे, इसके लिए गांव के एंट्री गेट पर धरना लगा दिया गया है। गांव के अंदरूनी रास्तों से लेकर श्मशान तक पर नजर रखी जा रही है। रात में भी युवा ठीकरी पहरा देंगे। मेन सड़कों पर महिलाएं डंडा लेकर खड़ी हैं।

### पिता के बयान के बाद भड़के ग्रामीण

मनीषा के पिता संजय और पहले की धरना कमेटी के साथ सोमवार देर रात तक प्रशासन ने मीटिंग की। उन्हें भरोसा दिलाया गया कि मनीषा ने सुसाइड किया है। फिर पिता का बयान आया कि हम जांच से संतुष्ट हैं, आज मनीषा का अंतिम संस्कार कर देंगे। इसके बाद ग्रामीण उनके पास पहुंचे तो पिता ने कहा कि प्रशासन ने धरना कमेटी और कमेटी ने मुझ पर दबाव डालकर संस्कार के लिए राजी किया। जिसके बाद ग्रामीण भड़क गए और फिर धरना लगा दिया। पिता का भी कहना है कि जो गांव कहेगा, मैं इसी हिसाब से चलूंगा। जबरन मनीषा का अंतिम संस्कार नहीं करूंगा।

# संपादकीय

## उत्तराखंड, कश्मीर, हिमाचल और मुंबई में आफत की बरसात



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत के विभिन्न हिस्सों में मानसून ने इस बार भारी तबाही मचाई है। उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई में मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारी बारिश, भूस्खलन, बाढ़ और जलभराव ने इन क्षेत्रों में सामान्य जीवन को ठप कर दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इन राज्यों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिसके कारण प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमें हाई अलर्ट पर हैं।

### उत्तराखंड में बारिश का कहर

उत्तराखंड में मानसून ने इस बार प्रलयकारी रूप धारण किया है। देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, पिथौरागढ़ और नैनीताल जैसे जिलों में भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। गंगा और यमुना जैसी प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है। भूस्खलन की घटनाएं आम हो गई हैं, जिसके कारण बद्रीनाथ और गंगोत्री जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग बार-बार बंद हो रहे हैं। उत्तरकाशी के धराली गांव में बादल फटने की घटना ने स्थिति को और गंभीर बना दिया, जिसमें कई लोग लापता हो गए। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश का अनुमान जताया है, जिसके चलते स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

### हिमाचल प्रदेश में आपदा

हिमाचल प्रदेश भी भारी बारिश और भूस्खलन की चपेट में है। शिमला, मंडी, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल जैसे जिलों में सड़कें, पुल और घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 400 से अधिक सड़कें बंद हो चुकी हैं, जिससे यातायात और आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है। मंडी जिले में भारी बारिश के बाद नदियां उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है। मौसम विभाग ने 14 अगस्त तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से नदियों और पहाड़ी क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।

### जम्मू-कश्मीर में बिगड़े हालात

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश ने श्रीनगर, राजौरी और पुंछ जैसे क्षेत्रों में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण यातायात ठप हो गया है। किश्तवाड़ और कठुआ में बादल फटने की घटनाओं ने स्थिति को और चिंताजनक बना दिया है। स्कूल-कॉलेज बंद हैं, और राहत व बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। मौसम विभाग ने जम्मू क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें भारी बारिश और बाढ़ का खतरा जताया गया है।

### मुंबई में जलभराव और यातायात ठप

मायानगरी मुंबई में मूसलाधार बारिश ने सामान्य जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित किया है। ठाणे, पालघर और रायगड़ जैसे क्षेत्रों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। अंधेरी, सायन और चेंबूर जैसे इलाकों में जलभराव के कारण सड़कें और रेलवे ट्रैक डूब गए हैं, जिससे लोकल ट्रेनें और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सोमवार को मात्र 6-8 घंटों में 177 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसके कारण स्कूल-कॉलेज और कई कार्यालय बंद कर दिए गए। बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने नागरिकों से घरों में रहने और आपातकालीन स्थिति में हेल्पलाइन 1916 पर संपर्क करने की सलाह दी है।

### निष्कर्ष

उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और मुंबई में भारी बारिश ने आपदा प्रबंधन और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती खड़ी की है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के बिगड़ते स्वरूप ने इन क्षेत्रों में बारिश की तीव्रता को बढ़ाया है। सरकार और आपदा प्रबंधन टीमें राहत कार्यों में जुटी हैं, लेकिन नागरिकों को भी सावधानी बरतने की जरूरत है। यह समय है कि हम जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को गंभीरता से लें और पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाएं।

## लाइलाज प्लास्टिक

इसमें दो राय नहीं कि मानव जीवन की सुविधा के लिये बना प्लास्टिक आज हमारी धरती के लिये ही घातक साबित हो रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो प्लास्टिक हमारे ग्रह का दम घोंट रहा है। निस्संदेह, इसको नष्ट करना बेहद कठिन है क्योंकि धरती में दबाएं तो भूमि की उर्वरता पर संकट आता है। इसको जलाएं तो विषैली गैसों से वातावरण प्रदूषित होता है। ये जल्दी से गलता भी नहीं है। अब तो महानगरों व शहरों की जलनिकासी को प्लास्टिक गहरे तक बाधित कर रहा है। यहां तक कि प्लास्टिक के बारीक कण मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। प्लास्टिक समुद्र में जा रहा है तो मछलियों को जहरीला बना रहा है। नदी, पहाड़ और मैदान सब प्लास्टिक कचरे के आगोश में हैं। लेकिन सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि भयावह संकट के बावजूद इससे निबटने के उपायों को लेकर वैश्विक सहमति नहीं बन पा रही है। वैश्विक प्लास्टिक संधि पर जिनेवा वार्ता विफल होने से इस बाबत वैश्विक विभाजन पूरी तरह उजागर हो गया है। दरअसल, लगभग सत्तर देशों का एक उच्च महत्वाकांक्षी समूह, जो प्लास्टिक पर वैश्विक सीमा और खतरनाक रसायनों पर नियंत्रण की मांग कर रहा है, अब तेल व पेट्रोकेमिकल उत्पादक एक समूह के खिलाफ खड़ा है, जो रीसाइक्लिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वैच्छिक प्रतिबद्धताओं को दर्शा रहे हैं। इस समूह में भारत भी शामिल है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा प्लास्टिक प्रदूषक होने का दर्जा दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि वैश्विक प्लास्टिक उत्सर्जन में लगभग बीस फीसदी हिस्सा भारत का है। भारत इस बात पर जोर देता रहा है कि इस दौरान चरणबद्ध समाप्ति की समय सीमा वाले उत्पादों या रसायनों की कोई वैश्विक सूची नहीं होनी चाहिए। भारत की दलील तार्किक है कि विभिन्न देशों की राष्ट्रीय परिस्थितियों और क्षमताओं पर उचित विचार किया जाना चाहिए। विडंबना यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पेट्रोकेमिकल क्षेत्र, माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण का भी एक प्रमुख स्रोत है।

लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि इस तरह के प्रदूषण का पारिस्थितिकीय तंत्र, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। खासकर हमारे शरीर पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से यह एक हकीकत है कि औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन साधना एक टेढ़ी खीर है। लेकिन इसके बावजूद इस दिशा में सार्थक प्रयास करने जरूरी हैं। इस संकट से मुकाबला करने के लिये भारत को समान विचारधारा व परिस्थितियों वाले चीन, रूस और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ मिलकर काम करना होगा। बहुत संभव है कि प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय कानून बाध्यकारी साधन के रूप में कारगर सिद्ध हो सके, लेकिन इससे लोगों और पर्यावरण के प्रति सरकारों की जिम्मेदारी कम नहीं हो सकती। बहुत संभव है कि प्रदूषणकारी उद्योगों पर कार्रवाई कड़ा संदेश दे सकती है। वहीं दूसरी ओर भारत सरकार को पहचाने गए एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध की प्रभावशीलता और उसके प्रवर्तन में कमियों का भी गंभीरता से आकलन करना चाहिए। इसके लिये जनजागरण अभियान चलाने की भी जरूरत है ताकि लोग प्लास्टिक के विकल्प अपनाने के प्रति उत्साह दिखाएं।

# आरक्षण में क्रीमी लेयर पर राजनीतिक दलों की चुप्पी

योगेंद्र योगी



संभव है कि संसद में इस समिति की सिफारिश मानते हुए आय सीमा बढ़ा दी जाए। इस पर शायद ही कोई राजनीतिक दल ऐतराज करे। राजनीतिक दलों में इतना साहस ही नहीं है कि आरक्षण की सीमा तय करने और उसके प्रभावों पर किसी तरह की चर्चा करें।

देश में आरक्षण एक ऐसा मुद्दा है, जिसे हर राजनीतिक दल लपकने को तैयार रहता है। राजनीतिक दलों को लगता है कि बहुआयामी विकास के मुद्दे के बजाए आरक्षण की पैरवी करके सत्ता पाना ज्यादा आसान है। इसके लिए नेता किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार रहते हैं। यहां तक कि अदालतों के निर्णयों को भी चुनौती देने में पीछे नहीं रहते। नेताओं की दिलचस्पी आरक्षण को बढ़ाने में रहती है। आरक्षण की जरूरत है या नहीं, इस पर चर्चा तक करने से कतराते हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग की आय सीमा से संबंधित को संसदीय समिति की आठवीं रिपोर्ट में आय सीमा को बढ़ाने की सिफारिश की है।

समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि आय सीमा को 6.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये प्रति वर्ष करने संबंधी संशोधन 2017 में किया गया था।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के नियमों के अनुसार, इस सीमा की समीक्षा हर तीन साल पर या जरूरत पड़ने पर उससे पहले भी की जानी चाहिए। भाजपा सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति ने कहा कि वर्तमान सीमा कम है, जिसके दायरे में ओबीसी का केवल एक छोटा सा हिस्सा आता है।

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति और निम्न आय वर्ग की बढ़ती आय के कारण इसमें वृद्धि करना समय की मांग है। संभव है कि संसद में इस समिति की सिफारिश मानते हुए आय सीमा बढ़ा दी जाए। इस पर शायद ही कोई राजनीतिक दल ऐतराज करे। राजनीतिक दलों में इतना साहस ही नहीं है कि आरक्षण की सीमा तय करने और उसके प्रभावों पर किसी तरह की चर्चा करें। इसके विपरीत आरक्षण का दायरा बढ़ाने के लिए राजनीतिक दलों में प्रतिस्पर्धा रहती है।

यही वजह है कि जब-जब आरक्षण में क्रीमी की पहचान कर अलग करने की बात की जाती है, तब राजनीतिक दलों को काठ मार जाता है। क्रीमी लेयर के मुद्दे पर चर्चा से सभी राजनीतिक दल भयभीत रहते हैं कि कहीं उनका वोट खिसक नहीं जाए। आरक्षित वर्ग के हित में होने के बावजूद कोई भी राजनीतिक दल क्रीमी लेयर को आरक्षण के दायरे से बाहर करना तो दूर, बल्कि इस पर सार्वजनिक तौर पर बहस तक करने को तैयार नहीं है।

जबकि यदि क्रीमी लेयर की पहचान कर उसे आरक्षण से बाहर कर दिया जाए तो आरक्षण से वंचित उसी वर्ग के लोगों को इसका फायदा मिल सकेगा।

संसदीय समिति की जो रिपोर्ट संसद में रखी गई है, उसमें अन्य पिछड़ा वर्ग की आय सीमा बढ़ाने की सिफारिश तो गई है किन्तु क्रीमी लेयर का जिक्र तक नहीं किया गया है।

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पुनर्विचार निर्णय में सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2024 में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिसमें राज्यों को आरक्षण के संबंध में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) जैसे आरक्षित श्रेणी समूहों को उप-वर्गीकृत करने का अधिकार दिया गया।

साथ ही कोर्ट ने कहा कि एसटी-एसटी क्रीमीलेयर को लेकर रिजर्वेशन में कैटेगरी बनाई जा सकती है।

सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय में कहा गया कि क्रीमी लेयर सिद्धांत, जो पहले केवल अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) पर लागू होता था (जैसा कि इंद्रा साहनी मामले में उजागर किया गया था) अब एससी और एसटी पर भी लागू होना चाहिए। इसका मतलब है कि राज्यों को एससी और एसटी के भीतर क्रीमी लेयर की पहचान करनी चाहिए। उसे आरक्षण के लाभ से बाहर करना चाहिए। अदालत ने कहा कि आरक्षण केवल पहली पीढ़ी तक ही सीमित होना चाहिए।

यदि परिवार में किसी पीढ़ी ने आरक्षण का लाभ ले लिया है और उच्च दर्जा प्राप्त कर लिया है, तो आरक्षण का लाभ तार्किक रूप से दूसरी पीढ़ी को उपलब्ध नहीं होगा। इस निर्णय में विभिन्न राज्यों के कानूनों को बरकरार रखा गया, जिन्हें पहले रद्द कर दिया गया था, जैसे कि पंजाब और तमिलनाडु के कानून, जो राज्यों को एससी और एसटी समूहों के भीतर उप-श्रेणियां बनाने की अनुमति देते हैं।

अर्थात राज्य मौजूदा आरक्षण के दायरे में ही अति पिछड़ों की पहचान कर उसे अलग से आरक्षण दे सकते हैं। इस पर भी ज्यादातर राज्य खामोश हैं। उन्हें लगता है इससे जिस वर्ग का आरक्षण कम हुआ है, वह नाराज नहीं हो जाएगा और वोट नहीं देगा। ऐसा करने से कहीं उस वर्ग का वोट बैंक हाथ से नहीं खिसक जाए, यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को एक साल होने के बाद भी ज्यादातर राज्यों ने आरक्षित दायरे में अति पिछड़ों की पहचान कर उन्हें अलग से आरक्षण देने की कवायद तक नहीं की।

क्रीमी लेयर को आरक्षण के दायरे से बाहर करने के सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय पर देश के किसी भी राजनीतिक दल और सरकारों ने चर्चा तक नहीं की।


जबकि कोर्ट का साफ कहना था कि क्रीमी लेयर को हटाने से उसी वर्ग के वंचित लोगों को आरक्षण का फायदा मिल सकेगा। राजनीतिक दलों ने पहले कभी ओबीसी के क्रीमी लेयर का जिक्र तक नहीं किया, सुप्रीम कोर्ट ने इसमें एससी-एसटी को भी शामिल कर लिया। यह मुद्दा नेताओं के लिए अत्यधिक ज्वलनशील हो गया। क्रीमी लेयर को हटाना तो दूर रहा कोई इसके दायरे पर बहस तक करने को तैयार नहीं है। इसके विपरीत राजनीतिक दल आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने पर तत्पर हैं। नेताओं को लगता है कि आरक्षण की सीमा में नए वर्गों को शामिल करने से उनका वोट बैंक मजबूत होगा। यह अलग बात है कि आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के उनके मंसूबों को सुप्रीम कोर्ट ने सफल नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 30 अप्रैल को यह घोषणा की थी कि आगामी जनगणना के साथ-साथ जाति गणना भी की जाएगी। इसके तुरंत बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत में कोटा पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की अपनी मांग दोहराई। राहुल गांधी ने कहा, रिजर्वेशन पर 50 प्रतिशत की सीमा हमारे देश की प्रगति और पिछड़ी जातियों, दलितों और आदिवासियों की प्रगति में बाधा बन रही है और हम चाहते हैं कि इस बाधा को समाप्त किया जाए।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी 50 प्रतिशत कोटा सीमा का हवाला देते हुए आरक्षण के प्रयासों को खारिज कर चुका है।

आरक्षण का दायरा बढ़ाने की पैरवी करने वाले राहुल गांधी ने एक बार भी क्रीमी लेयर को हटाने की बात नहीं कही। कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों को लगता है कि आरक्षण का दायरा बढ़ा कर वोट बैंक बढ़ाना ज्यादा आसान है। इसके विपरीत देश में विकास, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चुनाव जीतना आसान नहीं हैं। यही वजह है राजनीतिक दल आरक्षण का कई पीढियों से लगातार फायदा ले चुके वर्ग को भी आरक्षण के दायरे से बाहर करने से कतराते रहे हैं। बेशक इससे दूसरे आरक्षित वर्ग का हिस्सा हड़पा जाता रहे।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3625



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3624 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक प्रत्याशी ने अपने परिचित वोटर के घर जाकर कहा, 'भैया, ख्याल रखना, मैं खड़ा हूं.'

वोटर ने कोने में रखी कुर्सी की ओर संकेत करते हुए कहा, 'आप खड़े क्यों हैं, बैंठ जाइए.'

□ □ □

आदमी ने अपनी विवाहिता नवयुवती से बड़े प्यार से कहा, 'अब यह घर तुम्हारा है. हर पल इसे सजाने-संवारने की जिम्मेदारी अब तुम्हारी है.'

नवयुवती पत्नी तुनक उठी, 'तो फिर मैं अपना मेक-अप कब करूँगी?'

□ □ □

आजीवन कुँवारा रहने का फैसला करने और फिर उस पर डटे रहने वाले व्यक्ति ने साक्षात्कार के समय अपने उस फैसले का कारण कुछ इन शब्दों में बयान किया-

'मैं विवाह के लिए तैयार था, बल्कि विवाह का सारा इन्तजाम हो चुका था कि एक दिन मैंने अपने ससुर को अपनी होने वाली सास के हाथ से पिटते हुए देखा और नसीहत ग्रहण कर ली.'

□ □ □

प्रेमिका ने बेरोजगार प्रेमी से बड़े प्रेम से पूछा - तुम निकट भविष्य में क्या बनना पसंद करोगे?

बेरोजगार प्रेमी ने तड़ से जवाब दिया- तुम्हारा पति.

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3625



**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लह्रा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3624



## सूडोकु -3625


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3624 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3625



**बाएँ से दाएँ**

1. पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब,तमीज-3
10. सत्य,तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम,आदर्शवादी-3
18. रोमांच,उद्वेग-4
20. पागलपन,सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान,गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा,रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा,जीभ-3
5. घर,भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच,उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित,सही-3
22. पंख,पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद,सरूर-2
29. अनुसार,समान-4
31. निगाह,दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी,नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

### शब्द पहेली -3624 का हल



# गौशाला, नंद बाबा दुग्ध मिशन एवं बर्ड फ्लू टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में जनपद स्तरीय निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना, संचालन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति, बर्ड फ्लू जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति तथा नंद बाबा दुग्ध मिशन की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण कुमार ने अवगत कराया कि जनपद में वर्तमान समय में कुल 18 गौशालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें सभी संरक्षित गोवंशों का टीकाकरण पूर्ण हो चुका है तथा प्रत्येक गोवंश का ईयर टैगिंग कार्य भी सुनिश्चित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों के बेहतर रख-रखाव हेतु कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंश के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त मात्रा में सूखा व हरा चारा तथा संतुलित आहार पर्याप्त मात्रा में रहे। इसके साथ ही स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद की समस्त गौ आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त लाइट की व्यवस्था रहे, जिन गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे और लाइट नहीं है वहा पर तत्काल लगाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और अधिकारियों द्वारा समय-समय पर गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया जाये।

इसके अलावा कब्जा मुक्त गोचर भूमि पर चारा उत्पादन की कार्रवाई करने तथा गो संवर्धन एवं संरक्षण कोष में धनराशि वृद्धि हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में नंद बाबा दुग्ध मिशन की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री गौ संवर्धन योजना तथा मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित किया जाए। उन्होंने इन योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक किसान एवं पशुपालक इससे जुड़कर लाभान्वित हो सकें।

बैठक में बर्ड फ्लू जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बर्ड फ्लू से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जो दायित्व प्रत्येक विभाग को सौंपे गए हैं, उन्हें गंभीरता और जिम्मेदारी से पूरा करें। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर एडवाइजरी जारी की जाए, जिससे आमजन को बर्ड फ्लू से बचाव के उपायों की जानकारी मिल सके और लोग अधिक से अधिक जागरूक बनें।

इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, मुख्य कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, एसीपी हेडक्वार्टर कल्पना गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीकम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कुमुद चौधरी, खंड विकास अधिकारी दादरी नेहा सिंह, जेवर अशोक पाल सिंह व प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायत तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नोएडा प्राधिकरण की रिपोर्ट का निरीक्षण करेगी समिति

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपीपीसीबी और सीपीसीबी की बनाई एक समिति, ड्रेन को गंदा करने पर लगा था 100 करोड़ जुर्माना

**नोएडा।** यमुना नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। कोंडली ड्रेन यमुना को प्रदूषित करने में अपनी अहम भूमिका अदा कर रहा है। एनजीटी ने नोएडा प्राधिकरण पर 100 करोड़ का जुर्माना लगाया था। साथ ही ड्रेन में ट्रीटेड और अनट्रीटेड दोनों तरह के पानी नहीं डालने का निर्देश दिया था। इस पर प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया है। इस मामले में 13 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने यूपीपीसीबी और सीपीसीबी की एक समिति बनाने का निर्देश दिया।



समिति प्राधिकरण द्वारा कोर्ट में कोंडली ड्रेन को लेकर जमा की गई रिपोर्ट का जमीनी स्तर पर वेरीफिकेशन करेंगे और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में सब्मिट करेंगे। पर्यावरणविद् अभिष्ट कुसुम गुप्ता ने बताया कि प्राधिकरण ने जो स्टेटस रिपोर्ट जमा की उसमें 30 छोटे बड़े नालों का जिक्र किया गया है। इसमें से 6 नाले सूखे दिखाए गए और 5 नालों को बंद कर दिया गया है। बाकी 19 पर काम किया जा रहा है। इसी रिपोर्ट की जमीनी निरीक्षण किया जाएगा।

### अक्टूबर में होगी अगली सुनवाई

अभिष्ठ गुप्ता ने बताया कि एनजीटी के आदेश के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें प्राधिकरण ने दावा किया है कि शहर में 8 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी कार्यरत हैं, जिनकी कुल क्षमता प्रतिदिन 411 मिलियन लीटर डेली (एमएलडी) है।

नोएडा प्राधिकरण ने ये भी कहा है कि 120 एमएलडी ट्रीटेड सीवेज पानी को नोएडा के अलग-अलग सेक्टरों में ग्रीन एरिया में सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। बाकी सीवरेज पानी को ट्रीट करने के बाद एनटीपीसी का लेना था। लेकिन ये कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। इस मामले में अगली सुनवाई 28 अक्टूबर 2025 होगी। तब तक एजेंसी अपनी रिपोर्ट कोर्ट में सब्मिट करेगी।

# नोएडा में पांचवी मंजिल से गिरकर कामगार की मौत

**नोएडा।** सेक्टर 116 में निर्माणाधीन भवन की पांचवी मंजिल से सोमवार को एक कामगार गिरकर घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने पर जोर दिया है। बिहार के आरा का रहने वाला दिलीप नोएडा के आगाह पुर गांव में रहता था। वह कामगार के रूप में कार्य कर रहा था। सोमवार को सेक्टर 113 थाना क्षेत्र के सेक्टर 116 स्थित एचडीएफसी बैंक के बराबर में निर्माणाधीन भवन में काम करने गया था। वहां पर काम करने के दौरान शाम को पांचवी मंजिल से एकाएक गिर गया। जमीन पर आकर गिरने से उसके सिर से खून बहने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने दिलीप को जिला अस्पताल पहुंचाया।

वहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## ग्रेटर नोएडा में गांजा तस्करी का खुलासा

# ट्रक में ग्रेनाइट के बीच छिपाकर लाए 1.5 क्विंटल गांजा, 40 लाख की कीमत



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की इकोटेक-3 पुलिस और क्राइम रिस्पांस टीम ने गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो तस्करों अली हसन और योगेंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करते थे।

पुलिस ने आरोपियों से 1.5 क्विंटल गांजा और एक ट्रक बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 40 लाख रुपये है। तस्कर गांजे को ट्रक में ग्रेनाइट पत्थरों के नीचे छिपाकर ले जाते थे। इस तरकीब से वे कई बार पुलिस की नजर से बच निकले।

खुफिया जानकारी के आधार पर इकोटेक-3 पुलिस और सीआरटी की टीम ने विशेष अभियान चलाया। ट्रक की तलाशी में पत्थरों के नीचे से गांजे के पैकेट बरामद हुए। पुलिस ने गांजा खरीदने वाले अरविंद किशोर को वांछित घोषित किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

# एनआरआई और ओसीआई कार्ड धारकों को बनाते थे निशाना

## सीबीआई-आरबीआई के नकली दस्तावेज बरामद, हवाला से मंगवाते थे पैसा, पुलिस ने पकड़ा था नकली पुलिस कार्यालय

**नोएडा।** सेक्टर-70 में फर्जी पुलिस थाना खोलकर लोगों को ठगने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने कस्टडी रिमांड में लेकर पूछताछ की गई। ये लोग अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन का प्रतिनिधि बताकर लोगों से ठगी करते थे। कस्टडी में विभाष चन्द अधिकारी, अराग्य अधिकारी और बाबूल चन्द मंडल को लेकर सघन पूछताछ की गई। इस दौरान गिरोह के काम करने के तरीको के अलावा काफी सामान बरामद किया गया।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पूछताछ में इन तीनों ने बताया कि हम लोग आमजन के अलावा प्रवासी भारतीयों और ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड धारकों को निशाना बनाते थे। उन्हें यह विश्वास दिलाया जाता था कि अगर वे जांच में सहयोग नहीं करेंगे तो उन्हें भारत आने की अनुमति नहीं मिलेगी और न ही भविष्य में उन्हें OCI कार्ड जारी होगा। इसी भय का फायदा उठाकर गैंग उनसे पैसे ऐंठता था।



### जांच एजेंसियों के दिखाते थे नकली दस्तावेज

गैंग के सदस्य पीड़ितों को विश्वास दिलाने के लिए माइक्रोसाफ्ट टीम पर वीडियो कॉल करते थे। जिसमें वे खुद को विभिन्न अधिकारी बताकर पेश करते। उन्होंने सरकारी एजेंसियों जैसे क्राइम ब्रांच, सीबीआई , ईडी और सुप्रीम कोर्ट के नकली दस्तावेज दिखाकर भरोसा दिलाते थे।

पीडित जब अपने आपको बेकसूर बताता, तो वह उसे कहते कि भारत आने के लिए और भविष्य में किसी भी जांच से बचने के लिए उसे भारत सरकार से पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा। जिसे वह दिला सकते है।

### मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर पैसे ऐठे

इंटरनेशनल मनी लॉन्ड्रिंग केस में अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए पीडित को कुछ धनराशि CBI के सुपरविजन अकाउंट में भेजनी होगी तो उसका मनी रूट ट्रैक किया जाएगा। और राशि शीघ्र वापस कर दी जाएगी। पैसे भेजने के बाद पीड़ित को एक एक्नोलेजमेंट लेटर भी दिया जाता था। जिस पर फाइनेंशियल डिपार्टमेंट जैसे सीबीआई और आरबीआई की नकली सील लगी होती थी।

### हवाला के जरिए मंगवाते है पैसा

जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह ठगी से मिले पैसों को पहले अंतरराष्ट्रीय खातों में ट्रांसफर करता है। उसके बाद हवाला नेटवर्क के जरिए उसे वापस भारत में रूट करता है। गिरोह नकली कॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, फर्जी सरकारी दस्तावेजों, स्पूफिंग तकनीक, हवाला नेटवर्क, नकली सीबीआई आरबीआई लेटरहैड और सुप्रीम कोर्ट के फर्जी ऑर्डर का सहारा लेकर बड़े पैमाने पर ठगी करने में शामिल था।

### नकली सम्मन जारी कर पैसा ऐंठा

इस गिरोह द्वारा दूसरी संस्था नेशनल ब्यूरो ऑफ सोशल इन्वेस्टिगेशन एंड सोशल जस्टिस के द्वारा आमजनता को पुलिस की तरह दिखने वाले सम्मन लैटर आदेश जारी किये जाते थे।

# नोएडा में 14 निवेशकों से 2.10 करोड़ की ठगी

## आवासीय परियोजना को बताया सरकार से पास, फर्जी दस्तावेज से कराई सेल डीड

**नोएडा।** ठगों ने श्रीराम एंकलेव परियोजना में 14 निवेशकों को आवासीय भूखंड बेचने का झांसा देकर 2.10 करोड़ रुपए ठग लिए। सीएम व पुलिस महानिदेशक से न्याय की गुहार लगाने के बाद ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

पीड़ितों का आरोप है कि श्यामा चरण मिश्रा और सरिता मिश्रा ने अपने 12 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर मेसर्स एमएए बैलून एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाई। आरोपियों ने खुद को सुनपुरा के श्री राम एंकलेव परियोजना के मालिक के रूप में पेश किया।




### बताया सरकार से अनुमोदित योजना

पीड़ितों को बताया गया कि यह एक पूरी तरह से विकसित और सरकार द्वारा अनुमोदित आवासीय परियोजना है। पीड़ितों को लुभाने के लिए झूठे और मनगढ़ंत दस्तावेज तैयार किए, जिसमें भूमि जाली दस्तावेज शामिल थे। विश्वास दिलाया कि कृषि भूमि को आवासीय भूखंडों में बदल दिया गया है। उन्हें परियोजना में प्लॉट खरीदने के लिए प्रेरित किया।

जालसाजी से तैयार किए गए दस्तावेजों के आधार पर भूखंडों के लिए ट्रांसफर डीड और सेल डीड भी कराई गई। गिरोह ने धोखे से कृषि भूमि को आवासीय भूखंड के रूप में बेचा। जब पीड़ितों ने मौके पर जाकर देखा तो उन्हें पता चला कि वह भूखंड न तो आवासीय थे और न ही उनके द्वारा दिखाई गई जगह पर मौजूद थे। जब कुछ शिकायतकर्ता मौके पर गए तो कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें धमकी दी। गिरोह ने अन्य निर्दोष लोगों से भी 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि इसी परियोजना के नाम पर ठगी है।

### पैसा देने से किया इनकार

पीड़ितों का आरोप है कि 1 जुलाई 2024 को गिरोह ने पैसे वापस करने से इनकार कर दिया। 17 अगस्त 2024 को ठगी का पता चलने के बाद पुलिस को शिकायत दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि श्यामा चरण मिश्रा, सरिता मिश्रा, विजय यादव, मुकेश मिश्रा, कपिल त्यागी, अमन कुशवाहा, प्रमोद यादव, ललित, ऋषिपाल सिंह, कमलेश मिश्रा, ऋतुराज, शाश्वत, शंभू गुप्ता उर्फ साहिल गुप्ता और सुनील सिंह धोखाधड़ी में शामिल हैं। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू की।

### ये है पीड़ित

प्रेमचंद सिंह, अजय कुमार यादव, अभिकांत कुमार, अंबेडकर कुमार, अर्पित अरोरा, सनी शुक्ला, आशीष शुक्ला, अंकित शुक्ला, दीपक वर्मा, मृत्युंजय कुमार, प्रभा शंकर पटेल, सुलेखा देवी, अमृता कुमारी, रणजीत कुमार, संतोष कुमार सिंह देव और तनुजा देवी ने यहां जमीन लेने के लिए पैसा दिया था।

# नोएडा में पुलिस और वाहन चोरों की मुठभेड़

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस और वाहन चोरों के बीच सोमवार देर रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। दोनों बदमाशों के खिलाफ बुलंदशहर, अलीगढ़ और नोएडा में कुल 16 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों मिलकर वाहनों को चुराते थे। सेक्टर-49 पुलिस सोमवार देररात मेघदूतम पार्क तिराहा सेक्टर-50 के पास चेकिंग कर रही थी। सामने से एक कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने कार को रुकने का इशारा किया। कार चालक ने करीब 50 मीटर पहले ही अपनी कार रोक दी। उसमें से दो लोग उतर कर भागने का प्रयास करने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा 200 मीटर तक पीछा किया गया। बदमाशों ने अपने आपको घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस ने जवाबी एक्शन लिया और फायर किया। एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। इसकी पहचान जोगेन्द्र तोमर पुत्र चन्द्रपाल तोमर निवासी ग्राम हामिदपुर अलीगढ़ हुई। इसकी उम्र करीब 35 साल के आसपास है। इसके कब्जे से 01 तमंचा 2000 रुपए नकद बरामद किए गए है।

# यमुना में बढ़ते जलस्तर के बाद प्रशासन आपदा स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट

## सिंचाई विभाग के अधिकारी कर रहे जलस्तर के बढ़ने की मॉनिटरिंग, डीएम ने समीक्षा बैठक की

नोएडा। गौतमबुध नगर में यमुना ओखला बैराज से प्रवेश करती है आम दिनों में एक नहर के रूप में बहने वाली यमुना में इस समय जलस्तर काफी बढ़ रहा है, जिसका कारण है हरियाणा के यमुना नगर हथिनीकुंड बैराज से एक लाख 16 हजार पानी डिस्चार्ज किया गया है। प्रशासन ने आपदा स्थिति के निपटने के लिए रेड अलर्ट जारी कर आवश्यक कदम उड़ाने शुरू कर दिए है। प्रशासन ने आपदा स्थिति के निपटने के लिए बाढ़ नियंत्रण चौकियां स्थापित कर दी हैं। साथ ही रेस्क्यू टीम भी लगा दी गई है। वहीं, एनडीआरएफ समेत अन्य एजेंसी को भी अलर्ट रहने को कहा गया है।



बता दे कि नोएडा के तट टकराती यमुना नदी की लहरे संकेत दे रही है, की यमुना नदी का जल स्तर बढ़ रहा है। लेकिन ये जल स्तर काफी नीचे है। इसका कारण है कि हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी अभी यहाँ नहीं पहुंचा है। क्योँकि यमुना पहले से उफान पर है, अगले 48 से 72 घंटे तक इसके जल स्तर बढ्ने से खतरा बना हुआ है। यमुना में बढ़ते जलस्तर को देखते सिंचाई विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं व लगातार यमुना के जलस्तर के बढ़ने की मॉनिटरिंग कर रहे हैं उनका कहना है कि हथिनी कुंड बैराज से जो पानी छोड़ा गया है शाम तक पहुंचने की संभावना है। लेकिन उससे पहले ओखला बैराज से पानी छोड़ा गया है जिसे आप यहां पर बहता हुआ देख रहे हैं। ऐसा ओखला बैराज पर इकट्ठा पानी को कम करने के लिए किया गया है. अभी किसी गांव को कोई खतरा नहीं है, क्योंकि पानी गांव से दूर है विभाग द्वारा पानी की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और आवश्यक कदम भी उठाए जा रहे हैं बाढ़ आने से नोएडा क्षेत्र सेक्टर-150, याकूतपुर, कुलेसरा समेत नोएडा, ग्रेटर नोएडा के करीब 52 गांव चपेट में आ सकते हैं। जेवर के 25 गाँव बाढ़ से प्रभावित हो सकते है। जिनमें रहने वाले सवा दो लाख लोग प्रभावित हो सकते है। जिला प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के लिए इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। डीएम मेधा रूपम की कलेक्ट्रेट में बाढ़ तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की है और अधिकारियों बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने तथा वहां पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाने और जरूरी उपकरणों की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए है. सिंचाई विभाग को कहा गया है कि वह नियमित रूप से नदियों के जल स्तर की निगरानी करें तथा समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराएं। बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों के निवासियों को सतर्क रहने और पानी बढ़ने की संभावना के बारे में लगातार जानकारी दी जाए।

डीएम ने प्राधिकरणों के अधिकारियों से कहा कि डूब क्षेत्रों में जो गौशालाएं है, उनको लेकर भी वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाए, क्योंकि यदि जनपद में बाढ़ की स्थिति बनती है तो वहां से गोवंशों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा जा सके।

# शार्ट न्यूज

## 4 लाख में सिर्फ 40 हजार हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में करीब 4 लाख हेक्टेयर जमीन अधिसूचित है। जिसमें से 1.50 लाख हेक्टेयर जमीन पर ही मास्टर प्लान तैयार किया। 40 हजार हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की गई है। ये जानकारी इन्वेस्ट यूपी की ओर से किए गए एक प्रजेंटेशन में सामने आई। इस प्रजेंटेशन का उद्देश्य क्षेत्र में कारोबार को तेजी से विकसित करना है। प्रजेंटेशन में बताया गया कि औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत भूमि के अलावा ऐसी जमीन जिसका अधिग्रहण नहीं किया गया है। नक्शे नास नहीं किए गए जा रहे है। ऐसी स्थिति में न तो विकास हो पा रहा है और न ही निवेश आ रहा है। यह भी बताया गया कि जिस रफ्तार से जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है, अधिसूचित जमीन अधिग्रहण करने में कई साल लग जाएंगे। यही वर्तमान व्यवस्था रही तो अधिकांश भूमि अविकसित रह जाएगी। शासन की ओर से जमीन अधिग्रहण , कारोबार को विकसित करने, रोजगार और निवेश को बढ़ाने के लिए एक समिति का गठन किया गया। ये समिति 15 दिनों में अपने सुझाव शासन को देगी। जिस पर अमल किया जाएगा।

## दनकौर में जन्माष्टमी मेले का आकर्षण कुश्ती

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में श्री द्रोणाचार्य मंदिर परिसर में जन्माष्टमी के अवसर पर 10 दिवसीय मेला चल रहा है। मेले में तीन दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को दंगल के दूसरे दिन पहलवानों के मुकाबले देखने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे। आयोजकों के अनुसार दिन भर में कुल 55 कुश्तियां हुई। इनमें दो मुकाबलों का इनाम 31-31 हजार रुपये, दो का 10-10 हजार रुपये और चार मुकाबलों का पुरस्कार 5-5 हजार रुपये रखा गया। बुधवार को होने वाले फाइनल में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के पहलवान हिस्सा लेंगे। मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगे हैं। खान-पान के शौकीन लोग भी मेले का आनंद ले रहे हैं। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि इस साल मेले में भीड़ पिछले सालों की तुलना में कम है। सर्कस और अन्य मनोरंजन के साधन भी इस बार कम हैं।

## सेना से रिटायर्ड महिला डॉक्टर से मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में एक सेना से रिटायर्ड महिला डॉक्टर के साथ दो युवकों ने मारपीट और अभद्रता की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना 14 अगस्त की है। पीड़िता को मिर्जापुर गांव के नितिन भाटी ने यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर एक ढाबे के पास रोका। उसके साथ गांव का ही मोहित भाटी भी था। बातचीत के दौरान मोहित ने पीड़िता के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने महिला डॉक्टर के साथ मारपीट की। इस दौरान उनके कान में गंभीर चोट आई। पीड़िता किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचा पाई। उनका ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## पति ने चाकू से पत्नी का गला काटा

**लोनी।** गाजियाबाद में घरेलू विवाद के चलते सोमवार रात एक पति ने अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी पति दो महीने पहले जेल छूटा है। लोनी के अंकुर बिहार थाना क्षेत्र में रहने वाले सुमित गुप्ता का विवाह करीब दो साल पहले राम पार्क एक्सटेंशन की रहने वाली कविता गुप्ता से हुआ था। विवाह के कुछ ही महीनों बाद सुमित को हरियाणा में गोली मारने के एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। करीब दो वर्ष तक जेल में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही जमानत पर रिहा हुआ था। बाहर आने के बाद सुमित ऑटो चलाकर गुजर-बसर करने लगा। परिजनों और पड़ोसियों का कहना है कि जेल से आने के बाद से ही सुमित पत्नी पर अवैध संबंधों का शक जताकर आए दिन झगड़ा करता था। सोमवार शाम भी इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में सुमित ने घर की रसोई से चाकू उठाया और पत्नी का गला काट दिया।

## गाजियाबाद में यमुना के किनारे बाढ़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया है। हालांकि नदी का जलस्तर नियंत्रित माना जा रहा है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गाजियाबाद-बागपत बॉर्डर के गांवों में बाढ़ आनी शुरू हो गई है। पिछले 24 घंटे में बाढ़ का पानी बढ़ा है। करीब 28 गांव यमुना के किनारे हैं। इनमें कुछ जगह पर चारे का संकट भी खड़ा होने लगा है। यमुना हथिनीकुंड बैराज से 1.78 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अनुमान है कि अगले 24 घंटों में नदी का स्तर और ऊपर जा सकता है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। यहां जिला प्रशासन ने एहतियातन यमुना किनारे बसे गांवों में अलर्ट घोषित कर दिया है। पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के जरिए ग्रामीणों को नदी किनारे जाने से रोकने की अपील की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पानी की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। कई गांवों में किसानों के सामने चारे का संकट भी खड़ा है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 20 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# डेढ़ सौ साल पुराने कानून होंगे खत्म, बार एसोसिएशन ने दिए सुझाव

**अधिनियम 1887 के स्थान पर बनेगा नया समेकित अधिनियम**

**पीलीभीत।** आज़ाद भारत में भी अंग्रेज़ों के जमाने से लागू कोर्ट फीस अधिनियम 1870 और वाद मूल्यांकन अधिनियम 1887 को समाप्त कर एक नया समेकित कानून बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य विधि आयोग के निर्देश पर न्यायिक अधिकारियों के साथ-साथ अधिवक्ता संगठनों ने अपने सुझाव शासन को भेज दिए हैं।जिला संयुक्त बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्र एडवोकेट ने प्रभारी जिला जज विजय कुमार डूंगराकोटी के माध्यम से शासन को कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित किए।

एडवोकेट धीरेन्द्र मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय में ये दोनों अधिनियम अपने प्राचीन स्वरूप, अस्पष्ट प्रावधानों और बदलते आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य से मेल नहीं खाते। इनमें संशोधन की जगह अब एक समेकित और सरल कानून की आवश्यकता है, जो न्यायिक मूल्यांकन एवं शुल्क अधिनियम के रूप में दोनों विषयों को नियंत्रित कर सके।उन्होंने बताया कि कोर्ट फीस अधिनियम में आज भी आना, पाई, अठन्नी और चवन्नी जैसी पुरानी मुद्राओं का उल्लेख है, जबकि ये चलन से बाहर हैं।सुझावों में कहा गया है कि डिजिटल युग को देखते हुए ई-फाइलिंग करने पर 10-15 प्रतिशत छूट दी जाए।

साथ ही एक ऑनलाइन पोर्टल या कैलकुलेटर विकसित किया जाए, जहाँ याचिकाकर्ता और अधिवक्ता वाद मूल्य और फीस स्वत: निर्धारित कर सकें।

महिलाओं, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और बीपीएल कार्डधारियों को विशेष छूट देने की व्यवस्था भी प्रस्तावित की गई है। वहीं जनहित याचिकाओं के लिए न्यूनतम नाममात्र शुल्क रखने की सिफारिश की गई है।

### कोर्ट फीस के लिए स्लैब प्रणाली

बार एसोसिएशन ने कोर्ट फीस की दरें युक्तिसंगत बनाने और अधिकतम सीमा तय करने पर जोर दिया है। प्रस्तावित स्लैब प्रणाली के अनुसार :

1 लाख तक = 500
1 से 5 लाख तक = 1000
5 से 10 लाख तक = 2500
10 लाख से ऊपर अधिकतम =5000 तक सीमित

### वाद मूल्यांकन में पारदर्शिता

वाद मूल्यांकन की कठिनाइयों को दूर करने हेतु सुझाव दिया गया है कि न्यायालयों को तहसील/जिला स्तर पर संपत्ति दर रजिस्टर से ऑनलाइन लिंक किया जाए।

इसके अलावा हर प्रकार के वाद के लिए "Standard Valuation Guidelines" लागू हों और वाद मूल्य संबंधी विवादों के शीघ्र निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक वैल्यूएशन बोर्ड का गठन किया जाए।

### जनता को मिलेगा सस्ता व सुलभ न्याय

बार एसोसिएशन का मानना है कि यदि इन दोनों पुराने अधिनियमों को समाप्त कर नया समेकित कानून बनाया जाता है तो यह न केवल पारदर्शिता लाएगा, बल्कि आम जनता को सस्ता, सुलभ और समयबद्ध न्याय भी सुनिश्चित करेगा।

# बाघ एक्सप्रेस पहुंची ग्राम- लक्ष्मीपुर और दयालपुर

## नुक्कड़ नाटक कर लोगों को बताया मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व के बारे में

**पीलीभीत।** आज मानव और वन्यजीवों के सहअस्तित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही बाघ एक्सप्रेस जागरूकता अभियान के तहत आज यह अभियान लक्ष्मीपुर और दयालपुर में पहुंचा। लोगों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और रूरू फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की कार्यक्रम में लगभग 325 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक और संवाद सत्रों के माध्यम से स्थानीय लोगों को वन्यजीव संरक्षण और उनके साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन बाघ मित्र राजीव कुमार के द्वारा किया गया ,बाघ मित्रों का सहयोग बहुत ही सराहनीय रहा, बाघ मित्र जमुना प्रसाद शर्मा ,इंद्रजीत, विक्रम सिंह, मथुरा प्रसाद, देवेंद्र कुमार, राजीव कुशवाहा और विक्रम सिंह मौजूद रहें। इस पहल के तहत कलाकारों ने रोचक और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिनमें वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा, मानवीय गतिविधियों के कारण बढ़ते खतरे और बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के संरक्षण की जरूरत पर प्रकाश डाला गया।

स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और किसानों, महिलाओं बच्चों और युवाओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर श्री मनीष सिंह ने बताया कि बाघ एक्सप्रेस का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि लोगों को वन्यजीवों के साथ सुरक्षित और सकारात्मक संबंध बनाने के लिए प्रेरित करना भी है।

# 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम का आवास घेरा

**लखनऊ।** लखनऊ में 69000 शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन जारी है। आज अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का आवास घेरने पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा और नारेबाजी की। कहा कि हम वोट के लिए हिंदू और नौकरी के लिए दलित हो जाते हैं। यह अन्याय मत करो। प्रदर्शन की सूचना पर पहले ही पुलिस पहुंच गई थी। अभ्यर्थियों को केशव प्रसाद मौर्य के आवास से पहले ही रोक लिया गया। इस दौरान पुलिस से नोकझोंक भी हुई। अभ्यर्थी बोले कि उन दलितों पर सरकार न्याय करे और उन्हें कीड़े-मकोड़े न समझा जाए। अभ्यर्थियों ने कहा- 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाला किया गया। प्रदर्शन में शामिल अमित कुमार मौर्य ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य हमारे समाज के हैं। हम उनके दरवाजे पर आए हैं। सुप्रीम कोर्ट में 22 से ज्यादा बार डेट लग गई है। मगर सरकार शामिल नहीं हो रही है।

# यूरिया की किल्लत से बेहाल किसान, कालाबाजारी पर जिम्मेदारों की चुप्पी



**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकरनगर।** जनपद के किसान इन दिनों यूरिया की किल्लत से दो-चार हो रहे हैं।खेतों में फसलें खाद की प्यास में सूखने लगी हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के दावे सुनने लायक हैं। अधिकारी लगातार यह रट लगाए हुए हैं कि यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है — जबकि हकीकत इसके बिल्कुल उलट है।गांव-गांव के किसान खाद की थैलियों के लिए भटक रहे हैं। दुकानों पर लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं, फिर भी किसानों को मायूसी ही हाथ लग रही है। हालात यह हैं कि खुलेआम कालाबाजारी हो रही है और थोक व्यापारी मोटी रकम वसूलकर खाद बेच रहे हैं। छोटे और गरीब किसान इस दोहरी मार से टूट गए हैं। जिम्मेदार विभाग अब तक इस कालाबाजारी पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिली तो खेतों की फसल चौपट हो जाएगी और मेहनत पर पानी फिर जाएगा।किसानों ने जिम्मेदारों से निवेदन किया है कि जल्द ही यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

## कुशीनगर में पुलिस के सामने युवक को मारी गोली

**कुशीनगर।** कुशीनगर में लव ट्रायंगल में युवक को पुलिस के सामने गोली मार दी गई। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा कि जैसे ही पहली गोली चलती है, वहां मौजूद दरोगा भाग जाता है। आरोपी तीन राउंड फायरिंग करता है। एक गोली युवक के पेट में लग जाती है। इसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिस युवक को गोली लगी है, वह एक लड़की से प्रेम करता है। वह लड़की आरोपी युवक के भाई की मेडिकल स्टोर पर काम करती है। उससे भी लड़की का अफेयर चल रहा था। सोमवार को आरोपी का भाई लड़की को घर छोड़कर लौट रहा था, तभी उसकी पीड़ित युवक से कहासुनी हो गई। पीड़ित युवक के सिर में चोट लग गई। इसके बाद वह अपने घरवालों के साथ आरोपी के घर पहुंचा।

# धार्मिक स्थल पर पेशाब करते पकड़ा गया रोडवेज कर्मचारी, भीड़ ने की जमकर पिटाई

## हिंदू संगठनों ने की कार्रवाई की मांग, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**पीलीभीत।** मंगलवार सुबह रोडवेज बस अड्डा परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब रोडवेज का कर्मचारी शाजिद वेग धार्मिक स्थल के पास पेशाब करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। घटना की भनक लगते ही भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान मौके पर पहुँच गए। इसके बाद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी बस अड्डे पर जुट गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी शाजिद को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि शाजिद पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका है, लेकिन इस बार मामला धार्मिक स्थल से जुड़ने के कारण विवाद तूल पकड़ गया।रोडवेज कर्मचारी कपिल राज ने इस घटना को गंभीर अनुशासनहीनता बताया। वहीं, हिंदू संगठन के कार्यकर्ता अंकुर भदौरिया ने आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।इस मामले पर एआरएम बी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि आरोपी की तबीयत कुछ समय से खराब चल रही थी, लेकिन विभागीय स्तर पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।घटना की जानकारी मिलते ही बस अड्डे पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने सतर्कता बढ़ाते हुए हालात पर कड़ी नजर बनाए रखी। करीब घंटेभर तक बस अड्डे पर माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

# एसपी ने किया बार थाने का निरीक्षण



**ललितपुर।** एसपी ने बार थाने का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना बार का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये ।

मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर हेल्प डेस्क में तैनात अधि0/कर्म0गण को प्रतिदिन साइबर से सम्बन्धित पोर्टल जैसे प्रतिबिम्ब, सुदर्शन पोर्टल आदि का क्रियान्वयन करने व साइबर के अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व ।।स की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया ।

महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें ।

## बरेली में चादर के जुलूस के दौरान हुआ विवाद

**बरेली।** बरेली में आला हजरत के 107वें उर्स में चादरपोशी जुलूस के दौरान दो समुदाय आमने-सामने आ गए। आरोप है कि नई परंपरा बताकर कुछ लोगों ने जुलूस का विरोध किया। इस पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। जैसे ही इसकी जानकारी हिंदू संगठनों को हुई तो तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों का कहना है कि क्षेत्र के खजूरिया जुल्फिकार गांव में आला हजरत के उर्स पर चादरों का जुलूस निकाला जा रहा था। हिंदुओं ने इसे नई परंपरा बताकर विरोध किया। कहा, जुलूस आगे नहीं निकलने देंगे। इस पर जुलूस में शामिल लोगों ने हमला कर दिया। हंगामा बढ़ने पर पुलिस ने भी लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। हिंदू संगठनों का दावा है कि मारपीट और पुलिस के लाठीचार्ज से करीब 12 लोगों के चोटें आई हैं।

# फिरोजाबाद में 12वीं की छात्रा की गला रेतकर हत्या

## खेत में मिला रक्तरंजित शव, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में 12 वीं की छात्रा की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह छात्रा का शव गांव से करीब 700 मीटर दूर खेत में खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग को हत्या की वजह माना जा रहा है। मामला जसराना क्षेत्र के नगला जाट गांव का है। मृतका की पहचान नेहा (17) पुत्री इंद्रपाल के रूप में हुई। वह कक्षा 12 की छात्रा थी। सोमवार रात वह घर पर परिवार के साथ भोजन करने के बाद सोने चली गई थी। मंगलवार सुबह वह घर पर नहीं मिली। बाद में उसका शव खेत में पाया गया। सूचना पर एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन, सीओ जसराना और थाना अध्यक्ष शेर सिंह जसराना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि किशोरी की गला रेतकर हत्या की गई थी। शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग को हत्या की वजह माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण पुलिस की गहन जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। नेहा तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। बड़ी बहन सीमा की शादी हो चुकी है, लेकिन पति की मौत के बाद वह दो बच्चों के साथ पिछले दो साल से मायके में रह रही है।

## शार्ट न्यूज

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बंगाली समुदाय के साथ बैठक हुई सम्पन्न



**पीलीभीत।** मंगलवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बंगाली समुदाय के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों द्वारा जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, अधिकतर शिकायतें भूमि एवं मतदाता पहचान पत्र बनाए जाने के सम्बन्ध में थी। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो भी अधिकारी/कर्मचारी गांव में फैमिली ट्री में नाम दर्ज करने हेतु जाएं तो उन्हें पूरा सहयोग दिया जाये। इस अवसर पर तहसील कलीनगर के ग्राम नगरिया खुर्द कलां के ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

### कालाबाजारी करने पर ईफको ई बाजार का लाइसेंस निलंबित, दुकानों पर यूरिया बिक्री करने का आरोप

**पूरनपुर।** यूरिया खाद को लेकर अभी भी किल्लत बनी हुई है। खाद की दुकानों पर किसानों की लंबी लाइन लग रहीं हैं। इससे किसान परेशान हैं। दुकानदारों ने किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनको महंगे दामों में यूरिया खाद बिक्री की। यूरिया के साथ जिंक देने की शिकायत भी अधिकारियों से की गई। इसको लेकर विभागीय अधिकारी लगातार छापामारी और जांच पड़ताल कर रहे हैं। कस्बे में मौजूद इफ़को ई बाजार की शिकायत किसान यूनियन और अन्य किसानों ने जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल से की। शिकायत में आरोप लगाया कि इफ़को ई बाजार से दुकानों पर यूरिया बिक्री की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने जांच पड़ताल की जिसमें ई बाजार से अधिक यूरिया खाद बिक्री करने की बात सामने आई। जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने यूरिया की कालाबाजारी करने पर इफ़को ई बाजार का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। संचालक से तीन दिन में स्पष्टीकरण देने को भी कहा गया है। निर्धारित समय में स्पष्टीकरण न देने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।

### आधा दर्जन वारंटी गिरफ्तार कर भेजे जेल

**ललितपुर।** अपराध और अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाया जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने थाना क्षेत्र के आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में ,अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाछिंत/वारण्टी की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में ललितपुर पुलिस द्वारा 06 वारंटी अभियुक्तगण गिरफ्तार वारण्टियों का नाम/पता/उम्र थाना पूराकला चतुर सिंह पुत्र नन्दराम नि0 खजराहा बुजुर्ग थाना बवीना जिला झांसी उम्र करीब 30 वर्ष थाना महरौनीमनोज कुमार उर्फ छोटू पुत्र राम सिंह उम्र करीब 32 वर्ष नि0 सौजना रोड कस्बा व थाना महरौनी वीरेन्द्र पुत्र लच्छू कुर्मी उम्र करीब 51 वर्ष निवासी ग्राम चढरऊ थाना महरौनी थाना सौजना राजपाल पुत्र चाली राजा उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम टीकरा थाना सौजना रामस्वरुप नायक पुत्र ग्यासी नि0 ग्राम गुढ़ा थाना सौजना सरस्वती नायक पत्नी मनीष नायक उम्र करीब 36 वर्ष ग्राम गुढ़ा थाना सौजना ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

### यातायात पुलिस ने चलाया अभियान,41 ई-रिक्शा का चालान 3 ई-रिक्शा सीज



**ललितपुर।** सड़क दुर्घटना कम करने व सुगम यातायात को लेकर यातायात पुलिस ने अभियान चलाया। इसके तहत चेकिंग अभियान चलाया गया। 41 ई-रिक्शा चलाना किया 3 ई-रिक्शा को सीज किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक , झांसी परिक्षेत्र , झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा ई-रिक्शा चेकिंग व जागरुकता अभियान चलाया गया ।अभियान के दौरान चेकिंग करते हुए नियमों के बारे में किया गया जागरुक। इसी क्रम में ई-रिक्शा चालकों को नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया साथ ही शहर व थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर, चालकों को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, लेन ड्राइविंग का पालन करें तथा मानक से अधिक सवारी न बैठाने आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा 41 ई-रिक्शा के चालान किये गए तथा 3 ई-रिक्शा को सीज किया गया।

### फर्जी बैनामा कर संपत्ति पर कब्जे का प्रयास

**सहारनपुर।** सहारनपुर के घंटाघर के पास पठानपुरा-रामनगर इलाके में एक परिवार की पुश्तैनी संपत्ति पर फर्जी बैनामा और इकरारनामा तैयार कर कब्जाने का प्रयास किया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी हथियारों के साथ पहुंचे और परिवार को धमकाया। पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नौ नामजद समेत 21 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला थाना सदर बाजार क्षेत्र का है। थाना सदर बाजार क्षेत्र के पंजाब बैंक वाली गली, रामनगर पठानपुरा निवासी खलील अहमद ने तहरीर दी है कि घंटाघर के पास स्थित उनकी पुश्तैनी संपत्ति पिछले 86 वर्षों से उनके कब्जे में है। खलील के मुताबिक उनके पास वैध दस्तावेज हैं और नगर निगम व न्यायालय से भी कई आदेश उनके पक्ष में हैं।

# प्रशासक एसडीएम, नगर पालिका ई ओ ने जल विहार पर्व के चलते सुम्मेरा तालाब का निरीक्षण किया



**ललितपुर।** जल विहार पर्व के चलते उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा सुम्मेरा तालाब का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान प्रशासक महोदय द्वारा तालाब के घाटों का निरीक्षण अवर अभियंता एवं मुख्य स्टोर लिपिक को जल विहार के पूर्व समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रशासक एसडीएम द्वारा सर्वप्रथम सुम्मेरा तालाब के घाटों का निरीक्षण किया गया व साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिसमें उनके द्वारा अवर अभियंता एवं निर्माण लिपिक को निर्देश दिए कि जो भी घाट जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है उनकी तत्काल प्रभाव से मरम्मत कराई जाए। इसके उपरांत प्रशासक महोदय द्वारा मंदिर परिसर एवं सुम्मेरा तालाब के घाटों पर लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु मुख्य स्टोर लिपिक को निर्देशित किया गया। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्ष को निर्देश दिए गए कि जल विहार पर्व के पूर्व तालाब, तालाब के समस्त घाटों व मंदिर परिसर के अंदर विशेष रूप से टीमें लगाकर साफ-सफाई व्यवस्था एवं घाटों की रंगाई-पुताई का कार्य जल विहार के पूर्व सम्पन्न करा लिया जाए।

इसके उपरांत उपजिलाधिकारी सदर/प्रशासक द्वारा नझाई बाजार स्थित आईसीसीसी (कमाण्ड सेन्टर) पर जल निगम, जल संस्थान, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ जल विहार पर्व के चलते बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रशासक कमाण्ड सेन्टर में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं संचालक से नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि के जाने में जानकारी ली गई।

## बीयर पीने के दौरान दोस्त ने मारी गोली, मौत

**संतकबीर नगर।** संतकबीर नगर में दोस्तों के साथ घूमने निकले युवक का दोस्तों से झगड़ा हो गया। इसके बाद चलती थार में एक दोस्त ने उसे गोली मार दी। बाद में उसे अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। वहीं, बेटे की मौत की खबर सुनकर परिजन अस्पताल पहुंचे। वहां हंगामा करने लगे। वारदात के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया। वारदात के पीछे पैसों के लेने का मामला सामने आया है। आरोपी और उसके साथियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

# गाजियाबाद में पत्नी की गला रेतकर हत्या

## 3 साल पहले हुई थी शादी, बेड पर मिला गला कटा शव; आरोपी फरार



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पति ने अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। दोनों की तीन साल पहले शादी हुई थी। पति उससे आए दिन झगड़ता था। कल रात में भी दोनों में झगड़ा हुआ। इसके बाद देर रात पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी।

घटना के बाद महिला का पति घर से फरार हो गया। सूचना पर मोदी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। घटना मोदीनगर थाना क्षेत्र के गदाना गांव की है।

### 3 साल पहले हुई थी शादी

मोदीनगर थाना क्षेत्र के गदाना गांव निवासी जितेंद्र टायर पंचर की दुकान चलाता है। उसकी 3 साल पहले स्वाति (26) के साथ शादी हुई थी। दोनों का एक 14 महीने का बच्चा है। पति शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था। पत्नी कई बार शराब पीने का विरोध करती थी तो भी उसे कमरे में बंद करके मारता था।

### कमरे में बंद करके पहले पत्नी पर थप्पड़ बरसाए, फिर हत्या

जितेंद्र प्रजापति अपने परिवार में इकलौता बेटा है, जो टायर पंचर की दुकान चलाता है। जितेंद्र के पिता और मां आशा देवी रात में बरामदे में सोए हुए थे। पंखे में मां बाप को कुछ सुनाई नहीं दिया। रात करीब 12: 00 बजे के बाद जितेंद्र का अपनी पत्नी स्वाति से झगड़ा हुआ।

परिवार के लोगों ने बताया कि जितेंद्र ने रात में कमरे में बंद करके पत्नी को बेरहमी से पीटा।

जितेंद्र आए दिन पत्नी स्वाती के साथ मारपीट करता था, इसलिए मां और बाप बेटे के डर के मारे कुछ बोल नहीं पाते थे। महिला का सवा साल का बेटा रात में अपने दादी आशा देवी के पास सोया हुआ था, पास में ही दादा भीम की चारपाई थी।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 20 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बाढ़ में हुई मौतों पर जताया दुख

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान में हाल ही में आई अचानक बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। गुटेरेस ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, संयुक्त राष्ट्र की टीमें आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सरकारों के साथ हैं।

### मैसाचुसेट्स ने 15 अगस्त को घोषित किया भारत दिवस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी प्रांत मैसाचुसेट्स ने 15 अगस्त को भारत दिवस घोषित किया है। इसके लिए भारतीय दूतावास ने गवर्नर माउरा टी हीलेय का आभार जताया। भारतीय दूतावास ने कहा कि इस फैसले से भारतीय-अमेरिकी सम्मानित महसूस कर रहे हैं। दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, यह सम्मान भारतीय-अमेरिकी समुदाय का सम्मान करता है और भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मैत्री के बंधन को और गहरा करता है।

### कांगो : नॉर्थ किवु में आतंकियों ने की 30 की हत्या

**किंशासा, एजेंसी।** कांगो के नॉर्थ किवु इलाके में आतंकियों ने बड़ी हिंसा को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक, बापेरे गांव में बुधवार से शुक्रवार तक हुए हमलों में कम से कम 30 लोगों की हत्या कर दी गई है। वहीं, करीब 100 लोगों को बंधक बना लिया गया है। स्थानीय सेना और प्रशासन ने इस घटना की पुष्टि की है। लुबेरो इलाके के सैन्य प्रशासक कर्नल एलेन किवावा ने बताया कि आतंकियों ने लोगों पर धारदार हथियारों से हमला किया। कई घरों को भी जला दिया गया। नागरिक समाज संगठन के नेता सैमुअल कहेनी ने कहा कि अधिकांश लोगों की हत्या चाकुओं और मचेटियों से की गई। यह हमला पिछले महीने इतुरी प्रांत में हुए हमले जैसा ही है, जिसमें करीब 40 लोग मारे गए थे। हमलों के पीछे इस्लामिक स्टेट से जुड़े एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स (एडीएफ) का हाथ बताया जा रहा है।

### पाकिस्तान के मंत्री ने फिर बिना सबूत भारतीय विमानों को गिराने का किया दावा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के एक मंत्री ने फिर से बिना सबूत गत मई में दोनों देशों के बीच संघर्ष में छह भारतीय विमानों को गिराने का दावा किया है। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने 31 मई को पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर चुके हैं। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसीन नकवी ने रविवार को दावा किया कि इस्लामाबाद ने इस मामले में यह तय किया था कि बिना ठोस सबूत के इसके बारे में कोई औपचारिक घोषणा नहीं करेगा। नकवी ने हालांकि यह नहीं बताया कि पाकिस्तान इससे जुड़े सबूत को कब सार्वजनिक करेगा। नकवी ने यह भी हास्यास्पद दावा किया कि संघर्ष के दौरान भारतीय मिसाइलों के हमले में पाकिस्तान के किसी महत्वपूर्ण ठिकानों को नुकसान नहीं पहुंचा।

### इराक में आईएसआईएस के नरसंहार का दर्दनाक सच, मोसुल के पास सामूहिक कब्र की खुदाई शुरू

**मोसुल , एजेंसी।** इराक में अधिकारियों ने मोसुल शहर के पास अल-ख़ाफ़सा इलाके में एक सामूहिक कब्र की खुदाई शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि यह कब्र आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट) आतंकियों द्वारा एक दशक पहले किए गए नरसंहार से जुड़ी हुई है। सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, स्थानीय प्रशासन, न्यायपालिका, फॉरेंसिक टीम, शहीद फाउंडेशन और मास ग्रेव डायरेक्टोरेट मिलकर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। इराक की शहीद फाउंडेशन के मास ग्रेव विभाग के प्रमुख अहमद क़ुसै अल-असदी ने बताया कि यह खुदाई 9 अगस्त को नीनवे प्रांत के गवर्नर अब्दुलकादिर अल-दाखिल के अनुरोध पर शुरू की गई। फिलहाल शुरुआती चरण में सतह पर दिखाई देने वाले मानव अवशेष और अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# सुरक्षा गारंटी मिलने की बात से जेलेंस्की खुश

## मैक्रों बोले- यूक्रेन को छोड़ने होंगे हारे हुए इलाके

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की सोमवार को वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात से पहले जेलेंस्की ने यूरोपीय देशों के नेताओं से बात की। इस बातचीत के बाद जेलेंस्की ने अमेरिका द्वारा सुरक्षा गारंटी दिए जाने के फैसले पर खुशी जाहिर की। साथ ही जेलेंस्की ने शांति समझौते के लिए अमेरिका, रूस और यूक्रेन का एक त्रि-स्तरीय ढांचा बनाने की अपील की, ताकि विभिन्न मुद्दों पर सहमति बन सके।



सुरक्षा गारंटी देने के अमेरिकी फैसले से जेलेंस्की खुश

जेलेंस्की ने कहा कि सभी ने इस बात का समर्थन किया है कि अहम मुद्दों को सुलझाने के लिए यूक्रेन को सीधे तौर पर बातचीत में शामिल करना चाहिए। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका द्वारा यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने का फैसला ऐतिहासिक है। हालांकि यह व्यवहारिक होना चाहिए और इससे यूक्रेन को जमीन के साथ ही वायु और समुद्र में भी सुरक्षा मिलनी चाहिए। साथ ही इसमें यूरोप को भी शामिल किया जाना चाहिए। जेलेंस्की ने यूरोपीय नेताओं से ये भी अपील की कि वे 2022 की तरह ही एकजुट रहें। उन्होंने कहा कि असल शांति के लिए यूरोप का एकजुट रहना जरूरी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष सलाहकार स्टीव विटकॉफ ने दावा किया है कि अलास्का में हुई बैठक में रूसी राष्ट्रपति पुतिन भी अमेरिका द्वारा यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी दिए जाने की बात पर सहमत दिखे।

**रूस ने भी मांगी सुरक्षा गारंटी:** वहीं रूस ने कहा है कि जिस तरह से यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी दी जा रही है, उसी तरह से पश्चिमी देश रूस को भी सुरक्षा गारंटी दें। रूस के यूएन में स्थायी प्रतिनिधि विएना मिखाइल उलेनोव ने कहा कि कई यूरोपीय नेता शांति समझौते के तहत यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी दिए जाने के पक्ष में हैं। रूस इससे सहमत है, लेकिन रूस का भी ये अधिकार है कि उसे भी सुरक्षा गारंटी मिलनी चाहिए। उलेनोव ने चेताया कि पश्चिमी देश सुरक्षा गारंटी को लेकर रूस के साथ बातचीत शुरू न करके गलती कर रहे हैं।

**मैक्रों बोले- यूक्रेन को छोड़ने होंगे हारे हुए इलाके :** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि यूक्रेन को अगर रूस के साथ शांति समझौता करना है तो उसे आखिरकार हारे हुए इलाके छोड़ने के लिए राजी होना ही पड़ेगा। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मैक्रों ने ये बात कही। मैक्रों ने ये भी कहा कि उनका देश यूक्रेन के साथ मजबूती से खड़ा है और उन्होंने यूक्रेन को मिलने जा रही संभावित सुरक्षा गारंटी का भी समर्थन किया और इस मुद्दे पर अमेरिका के साथ मिलकर काम करने की बात कही।

# पाकिस्तान में बाढ़ से तबाही, पूरे के पूरे गांव बर्बाद 1000 से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की वजह से 1000 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) मामलों के सूचना समन्वयक इख्तियार वली खान ने हालात पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ में लगभग 1,000 लोगों की मौत होने की आशंका है।

वली ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। बड़े पैमाने पर तबाही देखी है। उन्होंने कहा, पूरे गांव बर्बाद हो गए हैं। बुनेर के चघरजी इलाके में भारी तबाही हुई है। बशोनी गांव पूरी तरह से नक्शे से गायब हो गया है। बाढ़ के पानी में बहकर आए कुछ पत्थर ट्रकों से भी बड़े थे। नदी किनारे बसे घर गायब हैं। पूरे के पूरे परिवार बह गए हैं।



किसी की कोई खोज खबर नहीं है।

उन्होंने खुलासा किया कि आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित हैं। अब तक लगभग 600 से ज्यादा शव बरामद हुए हैं। हालांकि, कई और हताहतों की सूचना अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने आंशका जताई कि अकेले दीर में ही मौतों की संख्या 1,000 से ज्यादा हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

**657 लोगों की मौत, 929 अन्य घायल :** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, 26 जून से अब तक पूरे पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में 392 पुरुषों सहित कम से कम 657 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 929 अन्य घायल हुए हैं। कुल मृतकों में 171 बच्चे और 94 महिलाएं थीं। घायलों में 437 पुरुष, 256 बच्चे और 236 महिलाएं हैं।

**अभी कैसे हैं हालात? :** एनडीएमए ने बताया कि मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश, अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुईं। उसने यह भी कहा कि वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए प्रांतीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां 390 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 288 पुरुष, 59 बच्चे और 43 महिलाएं शामिल हैं। केपी में 245 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें 161 पुरुष, 45 बच्चे और 39 महिलाएं शामिल हैं।

**संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने दुख जताया :** इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासचिव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता जताई। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक की ओर से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया, संयुक्त राष्ट्र की टीमें आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सरकारों के साथ हैं।

## चीन में गूंजी विकसित भारत की गूंज, ग्वांगझू में भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर हुई संगोष्ठी

**बीजिंग, एजेंसी।** भारतीय वाणिज्य दूतावास ग्वांगझू ने रविवार को चीन के तकनीकी केंद्र शेनझेन में एआई फॉर एस्पिरेशनल इंडिया (आकांक्षी भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता) विषय पर संगोष्ठी आयोजित की। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस के 79वें समारोह के तहत आयोजित किया गया।



यह संगोष्ठी दक्षिण चीन में भारतीय पेशेवरों के मंच, फोरम ऑफ इंडिया प्रोफेशनल्स इन साउथ चाइना (एफआईपीएससी) के सहयोग से आयोजित की गई। इसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत बनाने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नवाचारी रणनीतियों पर विचार करना था।

**भारतीय वाणिज्य दूत ने दी प्रस्तुती :** भारतीय वाणिज्य दूत शंभू हक्की ने भारत सरकार की एआई संबंधी पहलों पर प्रस्तुति दी। उन्होंने इंडिया एआई मिशन की जानकारी दी, जो सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देता है।

हक्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल एआई की परिकल्पना को भी विस्तार से समझाया और एफआईपीएससी सदस्यों से सस्ते एआई उपकरणों के विकास में सहयोग का आग्रह किया। एफआईपीएससी के कई सदस्यों ने एमएसएमई, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के उपयोग पर प्रस्तुति दी और भारतीय उद्यमियों के लिए व्यापार अवसरों पर सुझाव दिए।

# भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास से नेपाल को मिला लाभ, रिश्ते और मजबूत बनाएगा, राष्ट्रपति पौडल ने जताई मंशा

**काठमांडो, एजेंसी।** भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रविवार को नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। राष्ट्रपति पौडेल ने मिस्री से कहा कि भारत उभरती अंतरराष्ट्रीय शक्ति के तौर पर सामाजिक, आर्थिक व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है, जिसका लाभ नेपाल को भी मिला है।



राष्ट्रपति पौडल ने यह भी कहा कि नेपाल भविष्य में पड़ोसी देश की प्रगति से और भी लाभान्वित होने की इच्छा रखता है। राष्ट्रपति के प्रेस सलाहकार किरण पोखरेल के मुताबिक, पौडेल ने कहा भारत-नेपाल के बीच सदियों से सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और आर्थिक संबंध रहे हैं। ये सार्वभौमिक समानता, मैत्रीपूर्ण सहयोग, आपसी सम्मान और विश्वास पर आधारित रहे हैं। नेपाल ने हमेशा भारत के साथ संबंधों को उच्च प्राथमिकता दी है।

उन्होंने भारत सरकार की पड़ोसी प्रथम नीति की सराहना करते हुए कहा कि नेपाल इस नीति को महत्व देता है। बातचीत के दौरान विदेश सचिव मिस्री ने भी आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति के अनुसार नेपाल, भारत की पड़ोसी प्राथमिकताओं में सर्वोच्च स्थान पर है। मिस्री ने प्रधानमंत्री ओली के साथ बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी।

**द्विपक्षीय हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा :** मिस्री दो दिन की यात्रा पर रविवार सुबह ही काठमांडो पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के अलावा विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा, नेपाली कांग्रेस के सभापति शेरबहादुर देउबा से भी मुलाकात की। वह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड से मिलने खुमलटार स्थित उनके निवास पहुंचे। नेपाली नेताओं के साथ मिस्री की मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

**ओली ने भारत यात्रा के न्योते पर पीएम मोदी का आभार जताया :** विदेश सचिव मिस्री का दो दिवसीय नेपाल दौरा प्रधानमंत्री ओली की आगामी भारत यात्रा की तैयारियों का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ओली के सचिवालय के अनुसार, भारतीय विदेश सचिव ने ओली से शिष्टाचार भेंट के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से औपचारिक भारत भ्रमण का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री ओली ने इस निमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# होटल में ही व्लादिमीर पुतिन से मीटिंग के दस्तावेज भूल आई डोनाल्ड ट्रंप की टीम

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** व्लादिमीर पुतिन के साथ 15 अगस्त को डोनाल्ड ट्रंप की अलास्का में मीटिंग हुई थी। दुनिया के दो महाशक्ति देशों के नेताओं की मीटिंग अलास्का के एक होटल कैप्टन कुक में लंबी चली और यूक्रेन के मसले पर गंभीर चर्चा हुई। इस मीटिंग में आगे बातचीत जारी रखने पर सहमति बनी है और जल्दी ही इसके बारे में कुछ ऐलान हो सकता है। इस बीच एक दिलचस्प जानकारी हक्क्रकी रिपोर्ट में दी गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप की टीम होटल कैप्टन कुक में ही समिट से जुड़े दस्तावेज भूल आई। ये डॉक्युमेंट्स होटल के एक प्रिंटर के ऊपर पाए गए। यह होटल अलास्का में एल्मेनडॉर्फ-रिचर्डसन बेस के पास स्थित है।



इन दस्तावेजों में दोनों नेताओं की मीटिंग के शेड्यूल, उनके लंच के मेन्यू और अन्य चीजों के बारे में जानकारी दी गई थी। वहीं इस रिपोर्ट को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने गंभीर नहीं माना है और कहा कि उन दस्तावेजों में ऐसा कुछ नहीं था, जिसके लीक होने से कोई चिंता की स्थिति हो। एक अधिकारी ने कहा कि हक्क्रने अपनी रिपोर्ट में रूसी राष्ट्रपति को दिए गए लंच के मेन्यू की बात की है। इसमें क्या है। ऐसी तो कोई बात नहीं है, जो कॉन्फिडेंशियल हो। ये दस्तावेज होटल में आए एक गेस्ट को प्रिंटर के ऊपर रखे मिले थे। गेस्ट ने अपना नाम उजागर न करने की शर्त पर एनपीआर को वे सौंपे थे।

इन दस्तावेजों में मुलाकात के हर इवेंट्स की जानकारी दी गई थी। इसके अलावा यह भी बताया गया था कि कब पुतिन, ट्रंप और उनके सलाहकारों की मीटिंग होगी। इसके अलावा लंच मेन्यू की जानकारी भी इन दस्तावेजों में दी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार व्लादिमीर पुतिन के लंच मेन्यू में ग्रीन सलाद, हैलिबट ओलिंपिया और कुछ अन्य व्यंजन शामिल किए गए थे। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच मीटिंग बहुत लंबी नहीं खिंची। यहां तक कि जब दोनों मीटिंग के बाद निकले तो कुछ मिनटों की ही प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई और दोनों नेताओं ने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया।इस बीच दस्तावेजों के बाहर आने की जानकारी मिली तो वाइट हाउस और विदेश मंत्रालय का कहना है कि इसमें कुछ बड़ी बात नहीं थी। यही था कि किसका लंच मेन्यू क्या है। हालांकि हक्क्रकी रिपोर्ट में बताया गया था कि इन दस्तावेजों में अमेरिकी अधिकारियों के नंबर भी शामिल थे। इस पर वाइट हाउस ने कहा कि आखिर रूसियों के पास अमेरिका के किस अधिकारी का नंबर नहीं है।

### गाजा में तबाही मचा रही इजरायली सेना, हवाई हमले में हमास का ये बड़ा कमांडर ढ़ेर

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पर इज़राइल का कब्ज़ा अब लगभग तय माना जा रहा है। हमास के खिलाफ छेड़े गए युद्ध में इज़राइली सेना लगातार आगे बढ़ रही है। इस बीच, दक्षिणी गाजा में वरिष्ठ हमास कमांडर नासिर मूसा की हत्या के बाद भी आईडीएफ अपने हमले जारी रखे हुए है। ताज़ा हमला एक स्कूल पर हुआ जहाँ विस्थापित परिवारों ने शरण ली थी। इस हमले में 37 लोग मारे गए, जिनमें कई महिलाएँ और बच्चे शामिल हैं।

गाजा की सड़कों पर सिर्फ़ मलबा और तबाही ही नज़र आ रही है। इज़राइली लड़ाकू विमानों ने राफ़ा ब्रिगेड के प्रमुख आतंकवादी नासिर मूसा को हवाई हमले में मार गिराया। मूसा हमास आतंकवादियों को प्रशिक्षण देता था और इज़राइल में कई हमलों का मास्टरमाइंड था। इसके अलावा, इज़राइली सेना ने खान यूनिस में एक इमारत को भी निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल हमास रॉकेट रखने के लिए करता था।

इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी सेना को गाजा पट्टी पर कब्ज़ा करने की पूरी इजाज़त दे दी है। उन्होंने कहा है कि यह युद्ध जल्द ही समाप्त हो जाएगा और बंधकों को हर कीमत पर रिहा किया जाएगा। हालाँकि, दुनिया के कई देश इस कार्रवाई को गाजा के अंत का संकेत मान रहे हैं। वहीं, कई देशों ने इज़राइल के ख़िलाफ़ कदम उठाते हुए फ़िलिस्तीन राज्य को मान्यता भी दे दी है।

इस समय गाज़ा में स्थिति बेहद भयावह है। पिछले दो सालों में 61,827 फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इसके अलावा 1,55,275 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सिर्फ़ पिछले 24 घंटों में ही 51 लोगों की जान चली गई और 369 लोग घायल हुए हैं।

# अमेरिका की नागरिकता लेना अब आसान नहीं, पता लगाया जाएगा पूरा भूत-भविष्य, नया नोटिफिकेशन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद इमिग्रेशन के नियम लगातार सख्त होते जा रहे हैं। अब अमेरिका की नागरिकता लेना आसान नहीं रह गया है। यूएस सिटिजनशिप ऐंड इमिग्रेशन सर्विसेज ने ऐलान किया है कि अब नागरिकता के लिए अप्लाई करने वाले लोगों के नैतिक चरित्र का भी गहनता से मूल्यांकन किया जाएगा। अगर कोई शख्स चरित्र के मामले में भी खरा नहीं उतरता है तो बाकी योग्यता होने के बावजूद उसे नागरिकता नहीं मिलेगी।



यूएससीआईएस के नोटिफिकेशन में कहा या है, नेचुरलाइजेशन के लिए अच्छा चरित्र होना भी बेहद जरूरी है। अगर किसी को अमेरिका की नागरिकता चाहिए तो उसका नैतिक चरित्र की पूरी जांच की जाएगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि अगर कोई नागरिकता के लिए अप्लाई करता है तो उसका गुड मोरल कैरेक्टर चेक गहनता से किया जाएगा। पांच साल तक का उसका पूरा रिकॉर्ड खंगाला जाएगा। अगर वह इस पैमाने पर खरा उतरता है तभी नेचुरलाइजेशन हो पाएगा। बता दें के नेचुरलाइजेशन से मतलब किसी और देश में जन्म के बाद अन्य किसी देश की नागरिकता पाना है।

पहले उन लोगों का ही गुड मोरल कैरेक्टर चेक किया जाता था जिनका रिकॉर्ड अमेरिका में मौजूद नहीं रहता था। हत्या, गुंडागर्दी, नशे की आदत, ड्रग ट्रैफिकिंग जैसे अपराधों को शामिल किया गया था। हालांकि अब इस क्राइटीरिया का और ज्यादा विस्तार कर दिया गया है। अब एजेंसी ने कहा कि यह सरसरे तरीके से नहीं की जा सकती। इसके लिए गहन जांच और व्यक्ति के व्यवहार के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठी करने की जरूरत है। अब आवेदनकर्ता के समाज में योगदान, आम लोगों से व्यवहार, परिवार की जिम्मेदारियां और पारिवारिक संबंधों की भी समीक्षा की जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक यूएससीआईएस यह भी पता लगाएगा कि व्यक्ति समाज में किस तरह रहता है, परिवार के लोगों के साथ संबंध कैसे हैं और उसकी शैक्षिक उपलब्धियां क्या-क्या हैं। इसके अलावा अमेरिका में रहने के दौरान किस तरह की नौकरी कर रहा था। उसकी नौकरी की गारंटी कीतनी है और वह समय पर टैक्स भर रहा है या नहीं। अगर कोई व्यक्ति टैक्स भरने में भी लापरवाही करता है तो उसकी नागरिकता लटक जाएगी।

## युगांडा की संसद में एसजीवीपी प्रमुख माधव स्वामी का अभिनंदन; भारत-अफ्रीका संबंध होंगे मजबूत

**कंपाला , एजेंसी।** माधव स्वामी अपनी सनातन संस्कृति और हिंदू जीवनशैली को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए निरंतर यात्रा करते हैं। इसी क्रम में वे अफ्रीकी महाद्वीप की यात्रा पर युगांडा पहुंचे। यह यात्रा भारत और अफ्रीका के देशों के बीच आध्यात्मिकता, शिक्षा और संस्कृति का नया सात्विक सेतु निर्मित करेगी।

युगांडा में बड़ी संख्या में गुजराती समुदाय निवास करता है। युगांडा की संसद में उपसभापति डॉ. थॉमस तैयेब्वा के विशेष निमंत्रण पर राजधानी कंपाला पहुंचे माधव स्वामी का स्वागत खुद उपसभापति डॉ. थॉमस समेत अन्य सांसदों ने किया। हार्दिक स्वागत के बाद उन्हें सम्मानित भी किया गया।

युगांडा के सांसदों और सरकार के प्रतिनिधि उपसभापति महोदय के साथ माधव स्वामी ने इस विषय पर गहन चिंतन और चर्चा की कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को किस प्रकार और अधिक स्वाभिमानी, सशक्त और संस्कारी बनाकर समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए तैयार किया जा सकता है। उपसभापति ने माधव स्वामी को युगांडा संसद भवन का भ्रमण कराया तथा उसकी विशेषताओं से अवगत कराया।

यह ऐतिहासिक यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भगवान श्री स्वामीनारायण द्वारा लिखी गई सर्वजीव हितावह शिक्षापत्री के दो सौ वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। यह रचना समाज में मानवता के मूल्यों का बीज बोने वाली है। राजसत्ता और धर्मसत्ता की यह भेंट भारत और अफ्रीका के देशों के बीच आध्यात्मिकता, शिक्षा और संस्कृति का एक नया सात्विक सेतु स्थापित करेगी।

# सूर्यकुमार की कप्तानी में एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित, शुभमन होंगे उपकप्तान

## रिंकू, सैमसन और हार्दिक टीम में शामिल, यशस्वी व श्रेयस को नहीं मिली जगह



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने मंगलवार को एशिया कप 2025 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी। अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली समिति ने इस टूर्नामेंट के लिए सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाये रखा हैं। वहीं शुभमन गिल की उपकप्तान के तौर पर वापसी हुई है जबकि श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम में फिनिशर के तौर पर रिंकू सिंह को अवसर मिला है। वहीं विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन को टीम में जगह मिली है।

यूएई के हालातों को देखते हुए स्पिनर खासे सफल रहते हैं। ऐसे स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल के अलावा कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया है। तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी जबकि अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा उनका साथ देंगे। 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी शामिल किया गया है। सैमसन के बैकअप विकेटकीपर के तौर पर जितेश शर्मा को टीम में जगह दी गयी है।

एशिया कप यूएई में 9 से 28 सितंबर तक टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। जिसमें कुल 8 टीमें भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग और ओमान शामिल होगी। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई से होगा। जिसके बाद 14 सितंबर को भारतीय टीम परंपरागत प्रतिद्वंदी टीम पाकिस्तान से खेलेगी जबकि 19 सितंबर को ओमान से मुकाबला होगा।

### एशिया कप के लिए भारत का स्कॉड

सूर्य कुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रित बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

# कार्लोस अल्काराज ने पहली बार जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब



**सिनसिनाटी (एजेंसी)।** सिनसिनाटी ओपन जीतने का स्पेन के कार्लोस अल्काराज का सपना पूरा हो गया है। मंगलवार को जानिक सिनर के खिलाफ हुए फाइनल मुकाबले में उन्हें विजेता घोषित किया गया।

विबलंडन फाइनल के बाद विश्व के नंबर एक जानिक सिनर और नंबर दो कार्लोस अल्काराज के बीच होने वाले सिनसिनाटी ओपन फाइनल पर दुनियाभर के टेनिस प्रेमियों की नजर थी। फैंस एक रोमांचक मुकाबले का इंतजार कर रहे थे। लेकिन फैंस को थोड़ी मायूसी हासिल हुई। वजह जानिक सिनर की अस्वस्थता रही।

अल्काराज और सिनर के बीच मैच निर्धारित समय पर शुरु हुआ था। शुरुआत से ही सिनर गर्मी से परेशान दिख रहे थे। पहले सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद उन्होंने डॉक्टर को बुलाया और गर्मी से निपटने के लिए बर्फ की मदद भी ली, लेकिन मैच को जारी नहीं रख सके। 23 मिनट के बाद वह रिटायर होने पर मजबूर हो गए। इसके बाद अल्काराज को विजेता घोषित किया गया। यह उनका पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब था और साल का कुल छठा खिताब था।

सिनर की परेशानी का पता तब चला जब सर्विस में वह एक भी पॉइंट नहीं जीत पाए। सर्विस सिनर का मजबूत पक्ष माना जाता है। लगातार पांचवां गेम हारने के बाद सिनर ने डॉक्टर को बुलाया और जल्द ही कार्लोस अल्काराज से हाथ मिलाकर मैच समाप्ति की घोषणा कर दी।

सिनर अगर फाइनल जीत जाते तो वह रोजर फेडरर (2014-15) के बाद लगातार टाइटल जीतने वाले पहले खिलाड़ी होते।

मैच के बाद सिनर ने कहा, 'मैं आपको निराश करने के लिए माफी मांगता हूं। मैं कल से अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। मुझे लगा कि मैं रात तक बेहतर हो जाउंगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। मैंने लड़ने की कोशिश की। लेकिन, खेल नहीं पाया। इसलिए मैं माफी मांगता हूं।'

विजेता घोषित किए जाने के बाद कार्लोस अल्काराज ने जानिक सिनर के लिए कहा, 'मैं जानता हूं कि आप इन परिस्थितियों से और बेहतर कमबैक करेंगे, उससे भी बेहतर जैसा आप हमेशा करते हो। यही असली चैंपियन करते हैं।'

# हमें अगली सीरीज के लिए बुमराह के बारे में सोचने की जरूरत नहीं, पूर्व फिजियो का बड़ा बयान



**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर बहस थमने का नाम नही ले रही है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में दो टेस्ट मैच में उनकी अनुपस्थिति की आलोचना की गई। कई लोगो ने बुमराह को अपने शरीर की बात सुनकर आराम देने के लिए सराहना की, वही कुछ ने अतिरिक्त प्रयास न करने के लिए उनकी आलोचना की।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए टीम इंडिया के पूर्व फिजियो जॉन ग्लोस्टर का मानना है कि बुमराह एक एथलीट की तरह जानते है कि उन्हें क्या करना है। ग्लोस्टर ने कहा, 'देखिए, मुझे पता है कि यह इस समय बहुत विवादास्पद विषय है और मैं ज्यादातर विवादास्पद विषयो पर खुशी खुशी बात करूंगा। मुझे लगता है कि आखिरकार एथलीट खुद को किसी से भी बेहतर जानता है।'

ग्लोस्टर ने आगे कहा, 'आजकल ज्यादातर एथलीट जिनके पास अच्छी स्पोर्ट्स टीमे है वे उन्ही लोगो से सलाह ले रहे है। लेकिन सहज रूप से ज्यादातर एथलीट जानते है कि क्या सही है और क्या गलत। और वह एक परिपक्व एथलीट है। वह एक चतुर व्यक्ति है जो अच्छी तरह जानते है कि वह क्या कर रहे है।'

ग्लोस्टर ने कहा कि वह नही चाहते कि बुमराह हर सीरीज खेले। उनका मानना है कि इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पीठ की चोट के बाद 31 वर्षीय बुमराह ने शानदार वापसी की है। इस पर ग्लोस्टर ने कहा, 'और मुझे लगता है कि दस में से नौ बार परिपक्व एथलीट जिन्हें अच्छा समर्थन मिलता है, वे सही फैसले लेते है। और हमें अगली सीरीज या उसके बाद की सीरीज के लिए बुमराह के बारे में नही सोचना है। हमें अगले दो से तीन सालो तक बुमराह के बारे में सोचना होगा।'

'वह जानते है कि उनका करियर, उनके करियर की लंबाई, उनका खेल जीवन, सही सलाह और परामर्श से ही तय होगा। यह ऐसा ही होगा। और वह जानते है कि ऐसे हालात भी आएंगे जब उनको अपने लिए फैसले लेने होंगे ताकि उनका करियर सबसे अच्छा और लंबा हो।'

# हरमनप्रीत की कप्तानी में एकदिवसीय विश्वकप में उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम



**मुम्बई (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एकदिवसीय विश्वकप और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है।नीतू डेविड की अगुवाई वाली चयन समिति ने महिला विश्व कप के लिए टीम चयन किया। टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर टीम को दी गयी है जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तानी संभालेंगी। टीम में फिटनेस हासिल कर चुकी रेणुका सिंहकी वापसी हुई है जबकि शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिला है। पिछले कुछ समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही श्री चरणी को टीम में जगह मिली है।

विश्वकप कप 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जाएगा। इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे जिसमें बंगलूरू का एम चिन्नास्वामी, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापत्तनम का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम और कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम शामिल है।

### विश्वकप के लिए टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर) और स्नेह राणा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), स्नेह राणा।

# शायद ही कभी भारतीय टीम का कोच बनना चाहेंगे धोनी : आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी शायद ही कभी कोच बने। चोपड़ा के अनुसार उन्हें नहीं लगता कि धोनी को कोचिंग में रुचि है। आकाश ने कहा, मुझे नहीं लगता कि धोनी अभी कोचिंग देना चाहेंगे क्योंकि कोचिंग एक फुल टाइम नौकरी है जिसमें आप फिर से वैसे ही व्यस्त हो जाते हैं जैसे आप अपने क्रिकेट करियर में थे। कई बार तो जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाती हैं। वहीं आकाश ने यह भी बताया है कि अधिकतर खिलाड़ी कोचिंग से क्यों दूरी बना लेते हैं। उन्होंने कहा कि एक पेशेवर क्रिकेटर अपना पूरा जीवन सफर में, होटल में और मैदान पर ही बिता देता है। ऐसे में संन्यास के बाद वे थोड़ा स्थिर जीवन जीना चाहते हैं। खिलाड़ी सोचते हैं कि जब पूरी जिंदगी सूटकेस के साथ बिताई है तो अब क्यों दोबारा उसी जिंदगी में लौटें। इसी कारण अधिकतर खिलाड़ी केवल जैसी सीमित अवधि की लीग में ही कोचिंग करना पसंद करते हैं जहां काम कुछ महीनों का होता है। जबकि भारतीय टीम का कोच बनने पर पूरे साल भर लगभग 10 महीने टीम के साथ यात्रा करनी होती है, जिससें पूरा समय निकल जाता है। ऐसे में अब धोनी फिर से कोचिंग जैसे व्यस्त कार्यक्रम को अपनाना नहीं चाहेंगे। वे अभी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ हैं और आने वाले समय में आईपीएल से भी संन्यास ले सकते हैं। धोनी अब एक अलग जीवन जी रहे हैं जिसमें खेती, बिजनेस और परिवार के साथ समय बिताना शामिल है। ऐसे में भारतीय टीम के कोच की जिम्मेदारी उठाना शायद उनकी प्राथमिकताओं नहीं होगा। धोनी हालांकि 2021 के टी20 विश्वकप में क्रिकेट बोर्ड के अनुरोध पर भारतीय टीम के मेंटॉर बने थे।

# एशियन शूटिंग चैंपियनशिप : कपिल बैंसला ने लहराया तिरंगा, भारत को दिलाया गोल्ड

श्यामकेंट (कजाकिस्तान)। कजाकिस्तान के श्यामकेंट में जारी 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में कपिल बैंसला ने भारत का परचम लहराया है। हरियाणा के इस शूटर ने सोमवार को भारत के लिए पहला गोल्ड जीता। कपिल बैंसला ने 10 मीटर एयर पिस्टल मेंस जूनियर फाइनल में 243.0 का स्कोर बनाते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं, 0.6 अंक से पिछड़ने के बाद उज्बेकिस्तान के इल्खोमबेक ओबिदजोनोव दूसरे पायदान पर रहे। कर्नाटक के जोनाथन गेविन एंथनी ने 220.7 प्वाइंट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उज्बेकिस्तान के इल्खोम्बेक ने फाइनल में सबसे तेज शुरुआत की। कपिल उनका पीछा करते नजर आए। 15वें शॉट के बाद पहली बार कपिल ने इल्खोम्बेक को पीछाड़ा, लेकिन 20वें शॉट के बाद इल्खोम्बेक ने फिर बढ़त बना ली। आखिरी दो शॉट्स से पहले वह कपिल से एक अंक आगे थे। इसके बाद कपिल ने 10.8 और 10.6 का शानदार स्कोर किया, जबकि इल्खोम्बेक 23वें शॉट पर 10.4 और आखिरी शॉट पर 9.4 अंक हासिल कर सके। इल्खोम्बेक की इसी गलती का फायदा उठाते हुए कपिल ने खिताब अपने नाम कर लिया। इस फाइनल में तीन भारतीय शूटर पहुंचे थे। कपिल ने क्वालिफिकेशन में 579 प्वाइंट्स के साथ चौथा स्थान हासिल किया था, जबकि जोनाथन 582 प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इनके अलावा मुकेश नेलावली तीसरे पायदान पर थे। क्वालिफिकेशन में कोरियन खिलाड़ी किम डूयोन ने 582 प्वाइंट्स हासिल करते शीर्ष स्थान हासिल किया था।

# ब्रेट ली ने जडेजा की जमकर प्रशंसा की, सबसे फिट क्रिकेटर बताया



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रेट ली ने भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की जमकर प्रशंसा की है। ऑस्ट्रेलिाई ऑलराउंडर ने जडेजा को विश्व के सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक बताया है। ली ने जडेजा के बारे में कहा, 'उन्होंने भारत की ओर से पहले ही 85 टेस्ट मैच खेले हैं, और मुझे भरोसा है कि वह 100 के आंकड़े को पार करेंगे। मेरा मानना है जो कोई भी अपने देश के लिए 100 टेस्ट खेलता है, वह मेरी राय में महान खिलाड़ी है। जडेजा भी अपनी अच्छी बल्लेबाजी, गेंदआजी और फिल्डिंग के कारण एक पूर्ण सुपरस्टार हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह 100 के आंकड़े को पार कर जाएंगे।' ब्रेट ली ने आगे कहा, 'उनके पास एक बेहतरीन क्रिकेटर के लिए जरुरी सभी चीजें हैं। उनकी तकनीक सरल है। वह दौड़ते हैं और सटीक गेंदबाजी करते हैं. जब जरूरत होती है, वह सही लाइन और लंबाई में गेंदबाजी करते हैं। वह जल्दी से अपने ओवर पूरे करते हैं। वह 36 साल की उम्र में भी सबसे फिट हैं।' इस क्रिकेटर ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भले ही अच्छी गेंदबाजी न की हो पर उन्होंनें जबरदस्त बल्लेबाजी से टीम की सहायता की। इस क्रिकेटर ने पांच मैचों की सीरीज में 516 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक और एक शतक शामिल है। वह भारतीय टीम के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में भारतीय टीम के लिए कई शानदार पारियां खेली हैं। मैनचेस्टर टेस्ट में उनकी नाबाद पारी के कारण ही भारतीय टीम हार से बची थी।

# साउथ अफ्रीका की पहले वनडे में धामकेदार जीत, ऑस्ट्रेलिया को 98 रनों से मिली



**केर्न्स (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मंगलवार को लगभग जीता हुआ मैच गंवा दिया। ऑस्ट्रेलियाने 297 के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया ने बिना कोई विकेट गंवाए, सिर्फ 7 ओवर में ही 60 रन ठोक दिए थे। लेकिन इसके बाद 29 न के भीतर ही ऑस्ट्रेलिया ने एक के बाद एक 6 विकेट गंवा दिए और वो 98रनों से मैच हार गई।

बता दें कि, तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच पहला वनडे खेला गया। वहीं टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी की। इस दौरान साउथ अफ्रीका के ओपनर एडन मार्करम और रायन रिकल्टन ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

मार्करम और रिकल्टन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। रिकल्टन इसके बाद 33 रन बनाकर आउट हुए। मार्करम ने शानदार अर्धशतक जड़ा। मार्करम ने 9 चौकों की मदद से 81 गेंदो में 82 रन बनाए। इसके बाद कप्तान टेंबा बावुमा और मैथ्यू ब्रीत्जके ने भी अर्धशतक जड़ा।

ब्रीत्जके ने 56 गेंदों ने 7 चौकों और एक छक्के की मदद से 57 रन बनाए। वहीं कप्तान बावुमा ने 5 चौकों की मदद से 74 गेंदों में 65 रन बनाए। जिसकी बदौलत साउथ अफ्रीका ने 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 296 रन बनाए। ट्रेविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा चार विकेट लिए।

297 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की शुरुआत शानदार रही। पहले विकेट के लिए ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने 60 रन जोड़े। जिसके बाद लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया ये मैच आसान से जीत सकती है। क्योंकि उसके पास मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिश और एलेक्स कैरी जैसे खतरनाक बल्लेबाज बचे हुए थे।

लेकिन साउथ अफ्रीका के लेफ्ट ऑर्म स्पिनर केशव महाराज ने मैच का रुख ही पलट दिया। पहला विकेट हेड का 60 के स्कोर पर गिरा। हेड को प्रेनेलन सुब्रायन ने आउट किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट खोए। सभी विकेट केशव महाराज ने लिए। महाराज ने लाबुशेन, ग्रीन, इंग्लिश, कैरी और आरोन हार्डी का विकेट चटकाकर पंजा खोला। एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर बिना किसी विकेट के 60 रन था। वो अब 6 विकेट पर 89 रन हो गया। इसके बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने मैच गंवा दिया। वो 198 रन ही ऑलआउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ये मैच 98 रनों से हार गया।

# रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से बाहर हुए



केर्न्स। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गये हैं। रबाडा जैसे गेंदबाज का बाहर होना अफ्रीकी टीम के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रबाडा के दाहिने टखने में सूजन है और स्कैन जांच में उनकी चोट गंभीर होना पाया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा, अब रबाडा ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे और दक्षिण अफ्रीकी मेडिकल स्टाफ की देखरेख में चोट से उबरकर फिटनेस हासिल करने के प्रयास करेंगे। रबाडा के बाहर होने के बाद उनकी जगह बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज क्वेल मफाका को टीम में शामिल किय गया है। मफाका ने हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई तीन टी20 मैचों की सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। इस युवा गेंदबाज ने 9 विकेट लिए थे। इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें रबाडा के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया गया है। वह पहले एकदिवसीय में शामिल नहीं रहेंगे। मफाका ने अब तक 2 एकदिवसीय मैचों में 5 विकेट लिए हैं। वहीं रबाडा के बाहर होन से मेहमान अफ्रीकी टीम को नुकसान होगा क्योंकि रबाडा एक मैच विजेता गेंदबाज हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी अपनी टीम की जीत में उनकी अहम भूमिका थी। 106 एकदिवसीय में इस गेंदबाज ने अबतक 168 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, ऐसे में अब उसका लक्ष्य इस सीरीज को जीतकर लय हासिल करना रहेगा।

# ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य विश्व कप जीतना रहेगा : हीली



सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी खिलाड़ी एलिसा हीली ने माना है कि उनकी टीम का लक्ष्य रिकॉर्ड आठवीं बार विश्व कप जीतना रहेगा। हीली हालांकि जानती हैं कि ये आसान नहीं होगा क्योंकि उनकी टीम को भारतीय उपमहाद्वीप में अलग हालातों के साथ ही स्पिनरों से भी जूझना होगा। महिला विश्व कप का आयोजन अगले महीने भारत और श्रीलंका में किया जा रहा है। वहीं हीली का कहना है कि उनकी टीम इस बार भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने खिताब को बरकारार रखना चाहेगी। हीली ने हाल ही में भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन मैचों की सीरीज के अंतिम मैच में नाबाद 137 रन की आक्रामक पारी खेली भी जिससे भी उनका मनोबल विश्वकप के लिए बढ़ा हुआ है। वह हालांकि ऑस्ट्रेलिया ए को जीत नहीं दिला पायी पर जिस प्रकार से हीली ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरते हुए सबसे ज्यादा रन बनाये उससे उनके हौंसले बुलंद हैं। हीली ने सीरीज के दूसरे मैच में भी अर्धशतकीय पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंनें अनुभवी स्पिनरों का काफी आत्मविश्वास के साथ सामना किया था। हीली ने कहा, ''भारत ए की इस की टीम में काफी स्पिनर हैं। हमें इस सीरीज का लाभ विश्व कप में मिलेगा क्योंकि तब भी वहां काफी स्पिनर रहेंगे।''

# एशिया कप 2025: क्रिकेट फैंस हुए हैरान, बाहर हुए 3 बड़े धुरंधर, बीसीसीआई पर उठे सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन 15 खिलाड़ियों के नामों का खुलासा किया, जो यूएई में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। लेकिन इस टीम में कुछ बड़े नामों की गैरमौजूदगी ने क्रिकेट प्रेमियों को हैरान कर दिया है। खासतौर पर श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और मोहम्मद सिराज को टीम में जगह नहीं मिली।

### श्रेयस अय्यर का बाहर, बीसीसीआई पर उठे सवाल

चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रेयस अय्यर का नाम लेकर कहा कि उनका टीम में न चुना जाना न उनकी गलती है, न सेलेक्टर्स की। उन्होंने साफ किया कि श्रेयस की टीम में जगह न बनने के पीछे कोई विवाद या असमंजस नहीं है। हालांकि, यह निर्णय फैंस के लिए एक बड़ा आश्चर्य रहा क्योंकि अय्यर का आईपीएल और चैंपियंस ट्रॉफी में प्रदर्शन अच्छा रहा था। अंतरराष्ट्रीय टी20 में श्रेयस ने 51 मैचों में 1104 रन बनाए हैं, जिनमें 8 अर्धशतक शामिल हैं।

### यशस्वी जायसवाल भी स्कॉड से बाहर

टीम में शामिल न होने वाले दूसरे बड़े नाम यशस्वी जायसवाल का है। विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर पहचाने जाने वाले जायसवाल ने 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 164.31 की स्ट्राइक रेट से 723 रन बनाए हैं। बावजूद इसके सिलेक्टर्स ने उन्हें इस बार टीम में जगह नहीं दी।

### मोहम्मद सिराज का भी चयन नहीं

इंग्लैंड दौरे पर अपनी घातक गेंदबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज को भी एशिया कप टीम में शामिल नहीं किया गया है। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज ने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन इस बार टी20 टीम में उन्हें मौका नहीं मिला। सिराज के चयन से वंचित रहने पर सोशल मीडिया पर फैंस ने सवाल उठाए हैं। सिराज ने अपने अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर में 16 मैचों में 14 विकेट हासिल किए हैं।

### एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह

# स्वियाटेक ने पाओलिनी को हराकर पहली बार जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब



सिनसिनाटी (संयुक्त राज्य अमेरिका)। पोलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। इस खिताबी जीत से अमेरिकी ओपन से पहले स्वियाटेक ने अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को एक शक्तिशाली संदेश भेजा है। छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियाटेक ने खिताब तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया और फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने सभी छह ब्रेक पॉइंट्स को भुनाकर अपना 11वां डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता और पिछले साल के इटैलियन ओपन के बाद यह उनका पहला ख़िताब था। वह अब डब्ल्यूटीए 1000 फ़ॉर्मेट के इतिहास में दूसरी सर्वकालिक विजेता हैं। वह केवल सेरेना विलियम्स (23) से पीछे हैं। खिताबी जीत के बाद स्वियाटेक ने कहा, मैं अपनी टीम का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। मुझे नहीं पता कि मैंने ऐसे टूर्नामेंट क्यों जीते, जो पिछले टूर्नामेंटों जैसे थे, जहां मुझे लगा था कि मैं अच्छा खेलूंगी। मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बनने और इन तेज सतहों पर खेलना सीखने के लिए प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। मैं हैरान और बेहद खुश हूं। मैच में पाओलिनी ने शानदार शुरुआत की और 3-0 की बढ़त बना ली।

# एचपी ने भारत में उत्पादन क्षमता दोगुनी करने का किया ऐलान

**- कंपन का एमएसएमई और एआई पीसी पर विशेष फोकस**

**नई दिल्ली ।**

भारत के पारंपरिक पीसी बाजार में एचपी ने अपनी मजबूत स्थिति को और मजबूत करते हुए पीएलआई 2.0 योजना के तहत देश में अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। कंपनी का लक्ष्य अगले 4-5 वर्षों में उत्पादन क्षमता को लगभग 35 फीसदी तक बढ़ाना है। इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन (आईडीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली तिमाही में भारत का पारंपरिक पीसी मार्केट 8.1 फीसदी की दर से बढ़ा और कुल 33 लाख यूनिट शिप किए गए। इस दौरान **HP** ने 29.1त्न मार्केट शेयर के साथ नेतृत्व बनाए रखा और शिपमेंट में 4.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। एचपी इंडिया, बांग्लादेश और श्रीलंका के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि कंपनी ने डिक्सान टेक्नोलॉजी के साथ साझेदारी कर उत्पादन में तेजी लाई है। पहले वर्ष में क्षमता 6 से बढ़कर 13 फीसदी हो गई है, जिसे भविष्य में 35 फीसदी तक ले जाया जाएगा। एचपी का खास फोकस एमएसएमई और टियर-2, टियर-3 शहरों पर है, जहां कंपनी ने एचपी कनेक्ट स्टोर्स लॉन्च किए हैं। ये स्टोर कस्टमाइज्ड तकनीकी समाधान और प्रोडक्ट डेमो प्रदान करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एचपी की उत्पादन क्षमता और कनेक्टिविटी विस्तार के कारण नोएडा, द्वारका, नजफगढ़ और बहादुरगढ़ जैसे क्षेत्रों में रियल एस्टेट की मांग बढ़ेगी। इसके परिणामस्वरूप आवासीय संपत्तियों की कीमतें 25-40 फीसदी और वाणिज्यिक स्थानों की कीमतें 20-30 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। एचपी प्रिंटिंग, हेडसेट और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसे उपकरणों के साथ डिजिटल समाधान भी प्रदान कर रही है।



# ओपन एआई ने पेश किया नया चेटजीपीटी गो प्लान, कीमत 399 रुपए प्रति माह

**नई दिल्ली ।**

सैम ऑल्टमैन के नेतृत्व वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपनएआई ने भारत के लिए नया सब्सक्रिप्शन प्लान चेटजीपीटी गो पेश किया है। यह प्लान खासतौर पर भारतीय यूज़र्स को ध्यान में रखकर बनाया गया है और इसकी कीमत मात्र 399 प्रति माह है। कंपनी का कहना है कि इस प्लान में यूजर्स को जीपीटी-5 मॉडल पर आधारित एडवांस फीचर्स मिलेंगे, जिनमें ज्यादा मैसेज लिमिट, इमेज जनरेशन, फाइल अपलोडिंग और चैट मेमोरी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, यह प्लान भारतीय भाषाओं का बेहतर सपोर्ट भी देगा, जिससे भाषा की बाधा कम होगी। ओपन एआई ने यह भी बताया कि भुगतान के लिए यूपीआई सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे भारतीय यूज़र्स के लिए पेमेंट और भी आसान हो गया है। वर्तमान में भारत में चेटजीपीटी प्लस (1,999 प्रति माह) और चेटजीपीटी प्रो (19,900 प्रति माह) सब्सक्रिप्शन विकल्प मौजूद हैं।




# टाटा कैपिटल का मुनाफा दोगुना होकर 1,040.93 करोड़ पहुंचा

**- पिछले वर्ष की समान अवधि में मुनाफा 472.21 करोड़ रुपए था**




**नई दिल्ली ।**

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल ने अप्रैल-जून तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक बढ़ा लिया है। इस तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,040.93 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 472.21 करोड़ रुपए था। इसी दौरान कंपनी की कुल आय भी 7,691.65 करोड़ रुपए पहुंच गई, जो पिछले साल के अप्रैल-जून में 6,557.40 करोड़ रुपए थी। यह वृद्धि टाटा कैपिटल की मजबूत वित्तीय स्थिति और बेहतर व्यवसाय प्रबंधन का संकेत है। टाटा कैपिटल ने इस महीने की शुरुआत में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष 47.58 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा किए हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक प्रस्तावित इस आईपीओ का आकार लगभग 2 अरब अमेरिकी डॉलर हो सकता है, जिससे कंपनी का कुल मूल्यांकन करीब 11 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस आईपीओ में कुल 47.58 करोड़ शेयर होंगे, जिनमें से 21 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे और 26.58 करोड़ शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। वर्तमान में टाटा संस के पास टाटा कैपिटल की 88.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस आईपीओ के बाद कंपनी को पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी, जिससे वह अपने व्यावसायिक विस्तार और नवाचार योजनाओं को और मजबूत कर सकेगी।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि टाटा कैपिटल का यह कदम वित्तीय क्षेत्र में उसकी पकड़ को और मजबूत करेगा और निवेशकों के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करेगा।

कंपनी की इस तिमाही की सफलता और आगामी आईपीओ से वित्तीय बाजार में टाटा कैपिटल की स्थिति और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दिवाली से पहले सस्ते होंगे टीवी, एसी और कारें

**- जीएसटी परिषद 20-21 अगस्त को होने वाली बैठक में टैक्स घटाने पर विचार करेगी**



**नई दिल्ली ।**

दिवाली से पहले केंद्र सरकार आम जनता को बड़ी राहत देने की तैयारी में है। महंगे होम अप्लायंसेज और एंट्री-लेवल कारों की कीमतें जल्द ही कम हो सकती हैं। जीएसटी परिषद 20-21 अगस्त को होने वाली बैठक में टीवी, एसी, डिशवॉशर जैसे उत्पादों पर टैक्स घटाने पर विचार करेगी। फिलहाल इन उत्पादों पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी लगता है, जिसे घटाकर 18% करने का प्रस्ताव है। अगर यह फैसला लागू होता है, तो 32 इंच से बड़े टेलीविजन 10,000 तक सस्ते हो सकते हैं। वहीं, एसी की कीमतों में 1500 से 2500 रुपए तक की गिरावट संभव है। डिशवॉशर, फिज जैसे अन्य उपकरण भी 6-10 फीसदी तक सस्ते हो सकते हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से फेस्टिव सीजन में बिक्री में जबरदस्त उछाल आएगा। उपभोक्ता जो अभी तक महंगाई के कारण खरीददारी से बच रहे थे, वे अब खुलकर खर्च कर पाएंगे। सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स ही नहीं, सरकार एंट्री-लेवल कारों और छोटी एसयूवी पर भी कर दरों में राहत देने की योजना बना रही है। वर्तमान में इन पर 28 फीसदी जीएसटी के साथ 1-3 फीसदी सेस लगता है, जिससे कुल कर 31 फीसदी तक पहुंच जाता है। नए प्रस्ताव के तहत इन्हें भी 18 फीसदी स्लैब में लाया जा सकता है। इससे मारुति ऑल्टो के10, टाटा पंच, रेनॉल्ट क्विड जैसी गाड़ियाँ सस्ती हो जाएंगी। यह फैसला सितंबर 2025 में अंतिम रूप ले सकता है और नई दरें दिवाली से पहले लागू हो सकती हैं।

# म्युचुअल फंड का बैंकिंग सेक्टर में रिकॉर्ड 10200 करोड़ का निवेश

**- शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली देसी निवेशकों की खरीदारी**

**मुंबई ।**

शेयर बाजार में म्युचुअल फंड्स का निवेश बैंकिंग कंपनियों में बडी मात्रा में हो रहा है। जुलाई माह में 45400 करोड रुपए के शेयर म्युचुअल फंड ने खरीदे हैं। इसमें से स्टेट बैंक आफ इंडिया में 10200 करोड रुपए का निवेश म्युचुअल फंड ने किया है।जो अभी तक का सबसे बड़ा निवेश है। विदेशी निवेशक शेयर बाजार से बिकवाली करके बाहर निकल रहे हैं। ऐसी स्थिति में म्युचुअल फंड्स ने शेयर बाजार में निवेश बढ़ाकर शेयर बाजार को गिरने से रोक रखा है। म्युचुअल फंड्स ने सबसे ज्यादा निवेश बैंकिंग सेक्टर और आईटी सेक्टर में किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार म्युचुअल फंड ने एसबीआई में 10200 करोड़, इंफोसिस में ₹5400 करोड़, टीसीएस में 4000 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 3900 करोड़ तथा एचडीबी फाइनेंशियल में 2900 करोड रुपए का निवेश किया है। जुलाई माह में शेयर बाजार में भारी उतार चढाव देखने को मिला है। विदेशी निवेशक लगातार अपना निवेश निकलकर भारतीय शेयर बाजार से बाहर निकल रहे हैं।ऐसी स्थिति में भारतीय निवेशकों ने शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाया है। म्युचुअल फंड्स की कैश होल्डिंग जून में 1.82 लाख करोड़ थी। जो जुलाई में बढ़कर 1.85 लाख करोड़ पर पहुंच गई है।




## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 35 पैसे बढ़त के साथ ही 87.04 पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे बढ़कर 87.20 पर पहुंच गया था। यह बढ़त व्यापक कर सुधारों और घरेलू शेयर बाजारों में जारी तेजी के चलते दर्ज की गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.24 पर खुला और धीरे-धीरे मजबूत होते हुए 87.20 पर पहुंचा। वहीं सोमवार को यह 87.39 पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों के अनुसार, सरकार द्वारा टैक्स सिस्टम में पारदर्शिता और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किए गए सुधारों ने विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। रुपये की इस मजबूती को निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, जो देश की आर्थिक नीतियों में भरोसे को दर्शाता है।





## एमटीएनएल की जुलाई तक बैंक कर्ज चूक बढ़कर 8,659 करोड़ पहुंची

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल की वित्तीय स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कंपनी की बैंक कर्ज भुगतान में चूक जुलाई 2025 के अंत तक बढ़कर 8,659.09 करोड़ रुपये हो गई है। एमटीएनएल ने इस जानकारी को शेयर बाजार को सूचित किया है। घाटे में चल रही इस कंपनी का कुल ऋण दायित्व 31 जुलाई तक 34,577 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें 8,659.09 करोड़ रुपये बैंक ऋण, 24,071 करोड़ रुपये सरकारी गारंटी वाले बॉन्ड, और 1,921 करोड़ रुपये बॉन्ड पर ब्याज के भुगतान के लिए लिए गए ऋण शामिल हैं। कंपनी ने कई बैंकों को भुगतान में चूक की है। इनमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 3,768.37 करोड़ रुपये, इंडियन ओवरसीज बैंक को 2,455.01 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ इंडिया को 1,131.54 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक को 478.26 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक को 363.43 करोड़ रुपये, यूको बैंक को 276.08 करोड़ रुपये और पंजाब एंड सिंध बैंक को 186.4 करोड़ रुपये की देनदारी शामिल है। यह चूक अगस्त 2024 से फरवरी 2025 के बीच हुई है। एमटीएनएल ने 31 मार्च 2025 के अंत तक 8,346.24 करोड़ रुपये की चूक की सूचना दी थी, जो अब बढ़कर 8,659 करोड़ रुपये पहुंच गई है।

## में खुलेगा देश का पहला जस्ता अपशिष्ट पुनर्प्रसंस्करण संयंत्र

**नई दिल्ली ।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल), जो वेदांता समूह की एक प्रमुख कंपनी है, ने देश का पहला जस्ता धातु अपशिष्ट पुनर्प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की है। यह संयंत्र राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के रामपुरा अगुचा क्षेत्र में लगाया जाएगा। एचजेडएल के निदेशक मंडल ने इस परियोजना के लिए 3,823 करोड़ रुपये तक के निवेश को मंजूरी दी है। यह संयंत्र एक करोड़ टन वार्षिक क्षमता वाला होगा और इसके निर्माण में लगभग 28 महीने लगने की उम्मीद है। एचजेडएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि यह परियोजना कंपनी की दीर्घकालिक विस्तार योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्पादन क्षमता को दोगुना करना है। संयंत्र में वैश्विक विशेषज्ञों की भागीदारी से तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है, जिससे पुराने खनन अपशिष्ट से जस्ता और चांदी जैसी कीमती धातुएं दोबारा प्राप्त की जा सकेंगी।कंपनी ने पहले ही 12,000 करोड़ रुपये के निवेश से 2.5 लाख टन वार्षिक परिष्कृत धातु उत्पादन क्षमता बढ़ाने और खनिज प्रसंस्करण अवसंरचना को उन्नत करने की योजना मंजूर की हुई है।

## आइनॉक्स विंड ने आईआरएसएल में 175 करोड़ की हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली ।** भारत की अग्रणी पवन ऊर्जा कंपनी आइनॉक्स विंड लिमिटेड ने अपनी ईपीसी अनुषंगी कंपनी, आइनॉक्स रिन्यूएबल सॉल्यूशंस लिमिटेड (आईआरएसएल) में 175 करोड़ की हिस्सेदारी 7,400 करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर निवेशकों को बेच दी है। कंपनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि हाल ही में आईआरएसएल के प्रस्तावित विलय को शेयर बाजारों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है, जिससे यह सौदा आगे बढ़ा। आइनॉक्स विंड लिमिटेड 12 अरब डॉलर के आइनॉक्सजीएफएल समूह का हिस्सा है, जो नौ दशकों से रसायन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में सक्रिय है। यह निवेश भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से बढ़ते निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है और आइनॉक्स समूह की विस्तार रणनीति को मजबूती देता है। इस सौदे से कंपनी को वित्तीय मजबूती मिलेगी और भविष्य में विकास के नए अवसर खुलेंगे।



## देश के सर्राफा बाजार में सोना-चांदी के दामों में गिरावट

**- 91000 हजार से नीचे आया 22 कैरेट सोना, प्रति किलोग्राम चांदी 1,13,165 रुपए**

**नई दिल्ली ।** भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने का भाव 99,146 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है, जो पिछले दिन की तुलना में 477 रुपये सस्ता हुआ है। इसी प्रकार 995 शुद्धता वाला सोना 98,749 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है, जो 475 रुपये की कमी दर्शाता है। 22 कैरेट यानी 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 90,818 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो पिछले भाव से 437 रुपये नीचे है। 18 कैरेट (750 शुद्धता) सोने का भाव 74,360 रुपये और 14 कैरेट (585 शुद्धता) सोने का भाव 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमतों में भी गिरावट दर्ज हुई है। प्रति किलोग्राम चांदी का भाव 1,13,165 रुपये हो गया है, जो सोमवार के 1,14,050 रुपये के मुकाबले 885 रुपये सस्ता है। ये कीमतें जीएसटी और मेकिंग चार्ज के बिना हैं, जो ज्वेलरी खरीदते समय अलग से लगते हैं। भारत में सोने-चांदी के दामों में उतार-चढ़ाव वैश्विक बाजार और डॉलर की स्थिति के हिसाब से नियमित होता रहता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**शेयर बढ़त के साथ ही बंद हुए जबकि 951 शेयरों में गिरावट रही**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। वीकली एक्पायरी से भी बाजार ऊपर आया। आज मिड कैप और स्मालकैप शेयरों में भी बढ़त रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स करीब 370.64 अंक बढ़कर 81,644.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी तकरीबन 103.70 अंक की तेजी के साथ ही 24,980.65 अंक पर बंद हुआ। आज एनएसई पर 3,077 शेयरों में कारोबार हुआ। इसमें से 2,031 शेयर बढ़त के साथ ही बंद हुए जबकि 951 शेयरों में गिरावट रही। इसके अलावा 95 शेयरों के दाम में कोई बदलाव नहीं आया। आज टाटा मोटर्स , अदानी पोर्ट्स, रिलायंस , हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो के शेयरों में तेजी रही जबकि डॉ. रेड्डीज लैब्स , बजाज फिनसर्व, हिंडाल्को , सिप्ला, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के शेयर गिरे। गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। इस प्रकार लगातार दो दिन बाजार में उछाल आया है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। बाजार में यह तेजी मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई उछाल के कारण देखी गई, जो जियो द्वारा टैरिफ दरें बढ़ाए जाने के बाद आया। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बाजार को सपोर्ट मिला। सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की तेजी के साथ 81,319 पर खुला। सुबह शुरुआत में यह 197.96 अंक चढ़कर 81,471.71 पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 50 भी 24,891 के स्तर पर खुला और 39.30 अंक की बढ़त के साथ 24,914 पर कारोबार कर रहा था। वहीं हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में गिरावट दर्ज की गई, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.33 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 फीसदी और जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.08 फीसदी नीचे रहे। अमेरिका के बाजार सोमवार को लगभग स्थिर रहे। एसएंडपी 500 फ्लैट बंद हुआ जबकि डॉव जोंस में 0.07 फीसदी की गिरावट आई।




# एलआईसी हाउ सिंग फाइनेंस ने 500 फीसदी का डिविडेंड घोषित किया

**- कंपनी के इतिहास में 2010 के बाद पहली बार सबसे बड़ा डिविडेंड है**

**नई दिल्ली ।**

बीएसई 500 में शामिल एलआईसी हाउ सिंग फाइनेंस ने अपने निवेशकों को इस बार एक बड़ी खुशखबरी दी है। कंपनी ने 10 रुपए प्रति शेयर यानी 500 फीसदी का फाइनल डिविडेंड घोषित किया है, जो कंपनी के इतिहास में 2010 के बाद पहली बार सबसे बड़ा डिविडेंड है। यह डिविडेंड एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रमोटर एलआईसी की मजबूत वित्तीय स्थिति और निवेशकों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कंपनी ने डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट 22 अगस्त तय की है। इसका मतलब यह है कि 22 अगस्त तक जिन निवेशकों के पास एलआईसी के शेयर होंगे, वे इस डिविडेंड के हकदार होंगे। इसके बाद शेयर खरीदने वाले निवेशकों को डिविडेंड नहीं मिलेगा। कंपनी की 36वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 29 अगस्त को होगी, जिसमें शेयरधारक इस डिविडेंड की मंजूरी देंगे। एजीएम के बाद अगले 30 दिनों के भीतर डिविडेंड की राशि योग्य निवेशकों के खातों में जमा कर दी जाएगी। सोमवार को कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई पर 0.19 फीसदी गिरकर 567.75 पर बंद हुआ। हालांकि, कंपनी का स्टॉक पिछले एक साल में लगभग 14 फीसदी का निगेटिव रिटर्न देने के बावजूद, लॉन्ग टर्म निवेशकों को अच्छा लाभ पहुंचा चुका है। पिछले दो वर्षों में शेयर ने 37, तीन वर्षों में 43, और पांच वर्षों में 112 फीसदी का रिटर्न दिया है।





## मध्यम दर्जे के पेशेवर एआई को अपनाने के लिए तैयार: रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत में कार्यस्थल पर तकनीकी बदलाव की लहर को अब मध्यम दर्जे के पेशेवर नेतृत्व दे रहे हैं। 35 से 54 वर्ष आयु वर्ग के कर्मचारी न केवल कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने के लिए तैयार हैं, बल्कि इसमें विशेषज्ञता हासिल करने हेतु सक्रिय रूप से प्रशिक्षण के अवसर भी तलाश रहे हैं। एक जॉब वेबसाइट द्वारा जारी वर्क अहेड रिपोर्ट के अनुसार, 56 फीसदी मध्यम दर्जे के पेशेवरों का मानना है कि भविष्य के लिए खुद को तैयार करने के लिए उन्हें और प्रशिक्षण की जरूरत है। इसके विपरीत, केवल 41 फीसदी युवा पेशेवर (18-24 वर्ष) ही ऐसा सोचते हैं। रिपोर्ट बताती है कि इस आयु वर्ग के 49 फीसदी पेशेवर खुद को एआई से लैस कार्यस्थलों में काम करने के लिए तैयार मानते हैं, जो युवाओं की तुलना में कहीं अधिक आत्मविश्वास दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का कार्यबल खासकर मध्यम वर्ग के कर्मचारी न सिर्फ बदलाव से तालमेल बैठा रहे हैं, बल्कि बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं। वे 'एजेंटिक एआई' यानी ऐसे सिस्टम जो स्वायत्त रूप से निर्णय ले सकते हैं, के प्रति भी खास रुचि दिखा रहे हैं। सर्वे में शामिल 3,001 कर्मचारियों में से 29 फीसदी ने कहा कि वे अपनी शर्तों पर कौशल उन्नयन के लिए ऑनलाइन ट्रेनिंग विकल्प खोज रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार एआई से संबंधित कौशल भविष्य में वेतन वृद्धि, पदोन्नति और करियर की नई संभावनाओं की कुंजी बनेंगे।



# तेहरान में काम करने के लिए तुरंत हां कहा था




अभिनेत्री मधुरिमा तुली अपनी फिल्म तेहरान को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उन्होंने जॉन अब्राहम के विपरीत जासूस काजल सिंघानिया का रोल निभाया है। फिल्म में अपने रोल के बारे में मधुरिमा ने कहा कि पिछली फिल्मों के मुकाबले इस फिल्म में उनका रोल एकदम अलग और नया है। बातचीत में मधुरिमा तुली ने कहा मेरे पिछले किरदारों के मुकाबले तेहरान में मेरा रोल सबसे अलग और नया है। मैंन पहले काल्पनिक रोल जैसे राजकुमारी, पुलिस और योद्धा का किरदार निभाया था लेकिन इस फिल्म में असली रोल निभाया है। यह रोल किसी से प्रेरित नहीं है। इस रोल से मैंने जुड़ाव महसूस किया है। मधुरिमा ने बताया कि वह इस फिल्म में काम करने के लिए बहुत जल्दी तैयार हो गई थीं। उन्होंने कहा तेहरान का पूरा सेट बहुत अच्छा था, चाहे वह मेरे साथी कलाकार हों, प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स हो या फिर कहानी हो। यह सच्ची घटना पर आधारित है। सब कुछ बहुत अच्छा था। इसलिए इस फिल्म को ना कहने के लिए मेरे पास कोई कारण नहीं था। जब मैंने सुना कि यह रोल जॉन के विपरीत है तो मैंने तुरंत इसके लिए हां कह दिया। मधुरिमा को लगता है कि तेहरान ने उन्हें एक जमीनी और भावनात्मक स्तर पर रोल निभाने का मौका दिया है। फिल्म में उन्होंने महिलाओं की ताकत को दर्शाया जो अपने प्रियजनों का सपोर्ट करती है।



# बिपाशा पर मृणाल ठाकुर की टिप्पणी को लेकर उर्फी ने दी प्रतिक्रिया


**मृणाल ठाकुर अपने एक पुराने वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं। मृणाल इस वीडियो में कथित तौर पर अभिनेत्री बिपाशा बसु की बॉडी पर तंज कसती दिखी हैं। वे खुद को बिपाशा से ज्यादा खूबसूरत बता रही हैं और कहती हैं कि बिपाशा के मैनली मसल्स हैं। इस पर बिपाशा बसु ने एक क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए मृणाल को जवाब दिया। मृणाल ठाकुर इस पर सफाई देकर माफी मांग चुकी हैं। अब उर्फी जावेद ने इस वीडियो पर प्रतिक्रिया दी है।**

उर्फी ने लिखा, हम सभी ने ऐसी बातें कही हैं मृणाल ठाकुर ने इस वायरल वीडियो में जो कुछ कहा, उसने तूल पकड़ लिया है। बिपाशा के फैंस मृणाल को ट्रोल कर रहे हैं। उनकी समझ पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद ने मृणाल ठाकुर का बचाव किया है। उर्फी ने आज शुक्रवार को मृणाल का वह पुराना वीडियो अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है और इसके साथ लिखा है, हम सभी ने अतीत में ऐसी बातें कही हैं।


विचारधाराओं में बदलाव होता है

उर्फी ने लिखा है, जब हम युवा होते हैं तो हमें कुछ भी बेहतर नहीं पता होता, हम हर दिन सीखते और बढ़ते हैं। हम सभी ने अतीत में ऐसी बातें कही हैं, जिनसे अब हम सहमत नहीं हैं, क्योंकि हम विकसित होते हैं, बदलते हैं, हमारे नैतिक मूल्य भी बदलते हैं। विचारधाराओं में भी बदलाव होता है। मैंने पिछले इंटरव्यू में भी कुछ ऐसी बातें कही हैं, जो मुझे पसंद नहीं हैं।

## मृणाल ने मांगी थी माफी



बता दें कि मृणाल ठाकुर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर इस टिप्पणी पर सफाई दी थी कि उन्होंने इरादतन कोई बात नहीं कही थी। अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, 19 साल की उम्र में मैंने टीनएज में कई ऐसी बेवकूफी भरी बेतुकी बातें कही थीं। मुझे यह समझ नहीं थी कि आवाज में कितनी ताकत होती है या महज मजाक में भी कहे गए शब्द कितना दुख पहुंचा सकते हैं। लेकिन ऐसा हुआ और इसके लिए मुझे बहुत अफसोस है। मेरा इरादा कभी किसी को बॉडी शेम करने का नहीं था। यह एक इंटरव्यू में मजाकिया अंदाज में कही गई बात थी। यह मजाक हद से ज्यादा बढ़ गया। काश मैंने अपने शब्द अलग तरह से चुने होते। समय के साथ, मैं समझने लगी हूं कि सुंदरता हर रूप में होती है और अब मैं इसी को सच में महत्व देती हूं।



# कई बायोपिक करना चाहते हैं सनी हिंदुजा

पॉपुलर वेब सीरीज एस्पिरेंट्स का संदीप भैया का किरदार आज भी ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बनाए हुए है। इस किरदार को निभाने वाले अभिनेता सनी हिंदुजा अब एक नए रोल में नजर आएंगे। वो वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट के किरदार में दिखेंगे।

### एक्टर हमेशा भूखा रहता है...

बातचीत में सनी हिंदुजा ने कहा, एक्टर होता है तो भूखा होता है, मतलब हमेशा अच्छे रोल्स का इंतजार करता रहता है। मैं भी उसी कड़ी में हूं। अच्छे राइटर्स, अच्छे मेकर्स और अच्छे प्लेटफॉर्म्स के लिए इंतजार करना पड़ता है।

### लोगों का प्यार गहरा होता है, भले नाम न जानें

एक्टर ने आगे कहा कि ट्रोलर्स के जो चुटकुले बनते हैं, उन्हें देखकर लगता है कि लोगों की मोहब्बत कितनी गहरी है। भले वे मेरा नाम भी सही से न जानते हों। कोई मुझे संदीप भैया बुलाता है, कोई 'सनी' ही समझ लेता है। अब कुछ लोग मुझे पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट समझ बैठे हैं, मजाक अलग है लेकिन ये भी एक तरह का प्यार ही है।

### बायोपिक्स करना चाहते हैं सनी हिंदुजा

अभिनेता ने आगे कहा कि हां, ऐसा बिल्कुल नहीं है कि मैं संतुष्ट हूं। मैं चाहता हूं कि मैं बायोपिक्स करूं, अलग-अलग किरदार निभाऊं, खुद को एक्सप्लोर करूं। लेकिन जो भी रोल मिले, उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करना चाहिए। छोटे या बड़े रोल से फर्क नहीं पड़ता, जो दिल से निभाए वही कामयाब होता है।

### हर किरदार में देना चाहिए सर्वश्रेष्ठ

सनी ने यह भी बताया कि एक्टिंग में सही स्क्रिप्ट, टीम और रोल मिलना कितना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब आपको अच्छी स्क्रिप्ट मिलती है और रोल में जान डालने का मौका मिलता है, तो आपको वह काम पूरे दिल से करना होता है। चाहे वह आईएएस बनने की कोशिश कर रहा संदीप भैया हो या एक जासूस जैसा पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट, हर किरदार में आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है।

### लोगों से मिले प्यार को खास मानते हैं सनी

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी ऐसा महसूस हुआ कि उन्हें वह रोल नहीं मिला जिसकी वे हकदार थे और क्या वे अभी भी उस खास मौके का इंतजार कर रहे हैं। इस पर सनी ने जवाब देते हुए कहा कि सच्चाई ये है कि मैं आज जिस पोजीशन पर हूं, वह बहुत खास है। इतना प्यार मिलता है कि मेरा पैशन और प्रोफेशन दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। अगर ये मुझे नहीं मिला होता, तो मैं बस एक्टिंग करता रहता, लेकिन इतनी जल्दी प्यार और पहचान मिलना मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है।



# कार्तिक आर्यन के हाथ लगी इस निर्देशक शिमित अमिन की फिल्म

अभिनेता कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म की चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे आगामी फिल्म कैप्टन इंडिया में वायुसेना पायलट की भूमिका निभाते दिखेंगे। कार्तिक आर्यन के हाथ निर्देशक शिमित अमिन की फिल्म लगी है, जिसमें वे पायलट का रोल करेंगे। शिमित अमिन के साथ कार्तिक आर्यन की यह पहली फिल्म होगी। बता दें कि शिमित को अब तक छप्पन और चक दे! इंडिया जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।


पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक और शिमित पिछले एक साल से बातचीत कर रहे थे। दोनों के बीच कई विषयों पर बातचीत चल रही थी। इसी बीच शिमित ने कार्तिक को कैप्टन इंडिया के बारे में बताया। उन्हें यह कहानी काफी दिलचस्प लगी। सूत्र ने आगे कहा, शिमित ने कैप्टन इंडिया के लिए एक शानदार स्क्रीनप्ले तैयार किया है। वे 2026 की पहली छमाही में कार्तिक के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारी में हैं। शिमित ने जब कार्तिक को फिल्म की कहानी सुनाई, तो एक्टर को भी स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है। फिल्म की शूटिंग मार्च से जुलाई 2026 तक निर्धारित है।



# मधुर भंडारकर ने शुरू की 'द वाइफ्स' की शूटिंग ओरी संग नजर आईं मौनी रॉय

डायरेक्टर मधुर भंडारकार ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइफ्स' की घोषणा पिछले दिनों की। यह फिल्म बॉलीवुड स्टार वाइफ्स के ऊपर बन रही है। एक चर्चित एक्ट्रेस फिल्म में लीड रोल निभा रही हैं। वहीं इंफ्लुएंसर ओरी भी एक अहम किरदार इस फिल्म में कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ओरी ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। साथ में वह चर्चित एक्ट्रेस भी नजर आ रही हैं।

### मधुर भंडारकर संग बातचीत करता दिखा ओरी




सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें डायरेक्टर मधुर ओरी और लीड एक्ट्रेस के साथ नजर आए। इंफ्लुएंसर ओरी भी अपने किरदार में नजर आ रहा है। वह ट्रेडिशनल ड्रेस पहने सेट पर मौजूद दिखा। डायरेक्टर और इन एक्टर्स के बीच किसी बात को लेकर डिस्कशन हो रहा था।

### मौनी रॉय बॉलीवुड स्टार वाइफ के रोल में नजर आएंगी



सेट पर मौनी रॉय भी दिखीं। वह लाल साड़ी पहने नजर आईं। फिल्म में वह एक बॉलीवुड स्टार वाइफ के रोल में नजर आएंगी। मौनी इस फिल्म में लीड रोल में होंगी। पिछले दिनों मौनी के साथ फोटो साझा करते हुए मधुर भंडारकर ने यह जानकारी साझा की थी। मधुर भंडारकर 'फैशन', 'चांदनी बार', 'हीरोइन' और 'पेज 3' जैसी फिल्मों में अलग-अलग इंडस्ट्री की चमक के पीछे की दुनिया को दिखा चुके हैं। अब वो बॉलीवुड स्टार वाइफ्स की चमकदार दुनिया को बड़े पर्दे पर दर्शकों को दिखाएंगे। बॉलीवुड के कई राज भी वह इस फिल्म के जरिए खोल सकते हैं।



# प्रतीक गांधी ने बताया फिल्म इंडस्ट्री का असली सच

**अभिनेता प्रतीक गांधी अपनी नई वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा में एक एजेंट का किरदार निभाते नजर आएंगे। हाल ही में अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में उन्होंने इस सीरीज की तैयारी? अपने किरदार की गहराई और स्कैम 1992 की सफलता के बाद अपनी फिल्मों को मिले मिक्स रिस्पॉन्स के बारे में अनुभव साझा किए। साथ ही, थिएटर की मौजूदा चुनौतियों और अपने अगले प्रोजेक्ट का जिक्र भी किया। वह महात्मा गांधी का रोल निभाने वाले हैं।**

**एजेंट के रोल की तैयारी करने में आपको सबसे ज्यादा क्या खास लगा?**

सीरीज की शूटिंग शुरू करने से पहले मैंने नेटफ्लिक्स पर एक फिल्म देखी थी, जो जासूसों की जिंदगी को बहुत ही नए और दिलचस्प तरीके से दिखाती है। यह अनुभव मेरे लिए बहुत नया था और इससे मुझे विष्णु के किरदार को समझने में मदद मिली। मैंने स्क्रिप्ट को बहुत ध्यान से पढ़ा क्योंकि इसमें बहुत कुछ था जो जानना और महसूस करना जरूरी था। रीडिंग मटीरियल स्क्रिप्ट से कहीं ज्यादा था। चूंकि यह एक लंबी सीरीज थी, इसलिए किरदार की पूरी कहानी को समझना था। आधा पढ़कर मैं फैसला नहीं कर पाया क्योंकि पढ़ने में इतना मजा आ रहा था कि रुकना मुश्किल था। इसे पढ़ते-पढ़ते मुझे यकीन हो गया कि यह शो बहुत अच्छा बनेगा।

**शूटिंग के दौरान कोई ऐसी बात जो आपको चौंकाने वाली लगी हो?**

हां, बहुत कुछ। जैसे डॉक्टर भाबा के प्लेन क्रैश की घटना, जो सच है। लेकिन इसके आस-पास कितनी जिंदगियों पर असर पड़ा होगा, ये सोचकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। इन एजेंट्स के अंदर जो भावनात्मक उलझन होती है, इतनी सारी जानकारी लेकर कैसे जिया जाता है? ये समझना बहुत ही दिलचस्प था। ये लोग हमारे आसपास होते हैं, सामान्य लगते हैं, लेकिन उनकी जिंदगी बिल्कुल अलग होती है। उनका नाम कभी अखबारों में नहीं आता, न उन्हें कोई मेडल मिलता है। ये चुपचाप अपना काम करते हैं, इतने प्रेशर के बीच। ये मेरे लिए बेहद खास अनुभव था।

**फिजिकल-मेंटल प्रिपरेशन कैसी रही?**

इसमें फाइट सीन नहीं थे, क्योंकि एजेंट का काम ही ये है कि फाइट तक ना पहुंचे। मिशन फेल हो चुका होता अगर फाइट करनी पड़ी। इसलिए हमें ज्यादा साइकोलॉजिकल और मेंटल ट्रेनिंग मिली। रिएक्टिव ना होकर रिस्पॉन्सिव रहना, डायलॉग के बीच का गैप, जहां अंदर प्रोसेसिंग होती है, उसे समझना। 70 के दशक के लोगों के चलने-फिरने और बोलने के अंदाज को समझना भी बहुत जरूरी था।

**आपको एजेंट की मानसिक स्थिति को समझने में क्या सबसे ज्यादा दिलचस्प लगा?**

ये लोग अपनी सफलता का जश्न कभी नहीं मना पाते। न उन्हें मेडल मिलते हैं, न नाम अखबार में आता है। ये लोग बहुत प्रेशर के बीच चुपचाप अपना काम करते हैं। इस बात को एक्सप्लोर करना मेरे लिए कमाल का अनुभव था।

**'स्कैम 1992' के बाद क्या आपको लगा कि हमेशा एक जैसे रोल मिल रहे हैं?**

नहीं, ऐसा कभी नहीं लगा। हर बार नया किरदार मिला है। लोग मुझे अलग-अलग किरदारों के लिए सोचते हैं। मुझे लगता है कि मैं अपने किरदारों में कुछ नया लेकर आता हूं। स्टीरियोटाइप से बचना मुश्किल है, लेकिन मैं कोशिश करता हूं, इस चीज से खुद को दूर रखूं।

**क्या आपको लगता है कि फिल्म इंडस्ट्री में ऐसी कोई व्यवस्था होनी चाहिए जिससे अच्छी फिल्में ज्यादा लोगों तक पहुंचें?**

बिलकुल। इंडस्ट्री में काफी इनोवेशन की जरूरत है। टेक्नोलॉजी तो है, बस उस ऑडियंस तक पहुंचने का रास्ता ढूंढना होगा। इंडस्ट्री धीरे-धीरे उस दिशा में बढ़ रही है, लेकिन और सुधार की जरूरत है।

### आप अगले प्रोजेक्ट में महात्मा गांधी का किरदार निभा रहे हैं और आपकी सीरीज टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चुनी गई है?

यह मेरे लिए एक बहुत खास मौका है। महात्मा गांधी जैसा बड़ा किरदार निभाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसे निभाने के लिए बहुत तैयारी करनी पड़ती है, क्योंकि गांधीजी की जिंदगी में कई पहलू हैं जो समझने जरूरी हैं। इस रोल को निभाना मेरे लिए गर्व की बात है। साथ ही, सीरीज गांधी का टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सेलेक्ट होना इस सफर की बड़ी सफलता है, जिससे मैं बहुत खुश हूं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in